रोहतक

गुरुवार, 4 दिसंबर 2025

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी/पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 305

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 24.9
न्यून. 3.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,106.81 | 31.46 ▼ |
| निफ्टी | 25,986.00 | 46.20 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,32,200/- | 670/- ▲ |
| चांदी | 1,80,900/- | 460/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.16 | 19 पैसे ▼ |
| कूड ऑयल | 63.02 बैरल | 0.91% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठक सर्वे योजना हरियाणा

माह : दिसम्बर

दिनांक : 4 दिसम्बर 2025


## रुपया पहली बार 90 के नीचे गिरा

**मुंबई (भाषा)।** विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया पहली बार 90 प्रति डॉलर के नीचे गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 19 पैसे टूटकर 90.16 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह अब तक का सबसे निचले स्तर है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता कायम रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट थामने को रिजर्व बैंक के आगे न आने से स्थानीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई।

रूसी राष्ट्रपति आज शाम 6 बजे पहुंचेंगे नई दिल्ली

# प्रधानमंत्री मोदी के खास दोस्त पुतिन भारत में रुकेंगे 30 घंटे, 6 समझौते संभव, खास मुद्दों पर करेंगे गुफ्तगू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास दोस्त और दुनिया की महाशक्ति रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज यानी गुरुवार शाम 6 बजे भारत पहुंच जाएंगे। उनका दो दिवसीय भारत दौरा कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण है। जिस पर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे कई देशों की नजरें टिकीं हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन पहली बार भारत आ रहे हैं। दोनों देशों के बीच 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। यह सम्मेलन दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के लिए आयोजित किया जाता है। पुतिन करीब 30 घंटे भारत में रहेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी उनके लिए निजी रात्रिभोज का भी आयोजन करेंगे। पुतिन का भारत दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब जब पश्चिमी देश रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं, तब भारत गर्मजोशी से पुतिन का स्वागत कर रहा है।

**डिफेंस एनर्जी, ट्रेड स्पेस और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में अहम समझौतों पर मुहर लग सकती है**



फाइल फोटो

*द्विपक्षीय व्यापार को पंख लगाने पर दोनों देश गंभीरता से करेंगे चर्चा*

### रूसी तेल की खरीद बढ़ाने पर होगी चर्चा

पुतिन और मोदी की द्विपक्षीय वार्ता में रूस से तेल खरीद का मुद्दा भी अहम रहेगा, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। हालांकि, भारत रूस से तेल खरीद जारी रखी हैं। ऐसे में पुतिन का प्रयास रहेगा कि भारत इसे आगे भी जारी रखे। इसी तरह भारत रूस की सखालिन-1 परियोजना में ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के लिए 20 प्रतिशत हिस्सेदारी की बहाली का भी प्रयास कर सकता है। इसके अलावा राष्ट्रपति पुतिन का ध्यान भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार को और अधिक मजबूत करने पर रहेगा।

### ये है पुतिन का दौरा कार्यक्रम

**▶▶ 4 दिसंबर**
आज यानी 4 दिसंबर को राष्ट्रपति पुतिन शाम 6 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। वहीं शाम 7 बजे पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके सम्मान में निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है। लोक कल्याण मार्ग पर होगा।

**▶▶ 5 दिसंबर**
सुबह 9 बजे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पुतिन को औपचारिक स्वागत दिया जाएगा। उन्हें त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया जाएगा। सुबह 10 बजे पुतिन राजघाट जाएंगे, वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सुबह 11 बजे हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ 23वीं भारत-रूस शिखर बैठक करेंगे।

---

पानीपत में साइको किलर महिला गिरफ्तार, सबको डुबोकर मारा

# सुंदर बच्चों से करती थी नफरत इसलिए चार की कर दी हत्या

**छह साल की भतीजी समेत अपने बेटे को भी मार डाला** | **चौथी हत्या के दौरान पकड़ी गई आरोपित महिला पूनम** | **बच्चों की हत्या प्राकृतिक मौत लगे, ऐसा पैटर्न अपनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

*महिला हर बार बच्चों को टब, बाथरूम के हौद या पानी के छोटे कंटेनर में डुबोकर मार देती थी। सोमवार को उसने भतीजी विधि की भी हत्या कर दी।*

पुलिस ने बुधवार को एक साइको किलर महिला को गिरफ्तार किया है। महिला ने 4 बच्चों की हत्या की बात कबूली है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला पूनम सुंदर दिखने वाले बच्चों से नफरत करती थी, इस कारण उन्हें निशाना बनाती थी। हर बार बच्चों को टब, बाथरूम के हौद या पानी के छोटे कंटेनर में डुबोकर मार देती थी। पानीपत के गांव नौल्था में सोमवार एक दिसंबर को हुई छह वर्षीय बच्ची विधि पुत्री संदीप निवासी गांव भावड़ सोनीपत की हत्या साइको किलर पूनम पत्नी नवीन ने टब में भरे पानी में डूबाकर की थी। पूनम रिश्ते में विधि की चाची है। पूनम का पति नवीन व मृतक विधि के पिता संदीप चचेरे भाई हैं। बच्ची का शव घर के स्टोर में पानी से भरे टब में औंधे मुंह मिला है। सिर डूबा व पैर बाहर थे।

### चचेरे भाई की बेटी को भी मार डाला था

2025 अगस्त में मायके गांव सिवाह में चचेरे भाई की बेटी जिया (6)की घर पर बनी पानी की टंकी में डूबोकर हत्या कर चुकी है। जिया के पिता दीपक ने सेक्टर 29 में पूनम पर हत्या का केस दर्ज करवाया। उधर, विधि के दादा गांव भावड़ हाल वेस्ट राम नगर सोनीपत निवासी पाल सिंह ने इसराना में केस दर्ज किया है।



### विवाह में नौल्था आया था पीड़ित परिवार

पाल सिंह ने इसराना पुलिस को बताया कि नौल्था में उसकी पत्नी ओमपति के रिश्ते में भाई सतपाल के बेटे की शादी थी। विवाह में वे स्वयं, ओमपति, पुत्र संदीप, इसकी पत्नी राखी, पोती विधि व पौता दिव्य 30 नवंबर को शादी में गए थे। वहीं वे बारात में चले गए, महिला व बच्चे घर पर थे। लापता विधि तलाश करने पर स्टोर रूम में पानी से भरे टब में औधे मुंह मृत मिली।

### पुलिस जांच में पकड़ी गई पूनम

एसपी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विधि मौत के मामले की जांच डीएसपी नवीन संधू के नेतृत्व में सीआईए वन ने शुरू की। पूनम पर पुलिस को शक हुआ। पूछताछ में पूनम ने विधि की टब में भरे पानी में डूबोकर हत्या करने का अपराध स्वीकारा।

**इस तरह दिया वारदात को अंजाम**

जांच में पता चला कि पूनम ने विधि से पहले तीन बच्चों की पानी में डूबो कर हत्या कर चुकी है। जनवरी 2019 में सोनीपत के गांव भावड़ में खुद के तीन वर्षीय बेटे शुभम व ननद की नौ वर्षीय बेटी इशिका की घर में बने पानी के टैंक में डूबोकर हत्या कर चुकी है। परिजनों को शक ना हो इसी डर के चलते इशिका के साथ अपने बेटे शुभम की भी हत्या की थी। तब ननद बेटी इशिका को साथ लेकर गंगाना गांव से मायके में आई थी। शुभम व इशिका की हत्या को परिजनों ने हादसा मान कर अंतिम संस्कार कर दिया था।

---

अनोखा रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जड़ा 84वां शतक

## वनडे में किंग कोहली का लगातार दूसरा शतक

**रायपुर (हरिभूमि न्यूज)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में लगातार दूसरा शतक और कुल 84वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया जिससे साबित होता है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, भले ही वह खेल के एक ही प्रारूप में खेलते हों। दक्षिण अफ्रीका के भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिए जाने के बाद कोहली ने 93 गेंद में 102 रन बनाए और रुतुराज गायकवाड़ (83 गेंद में 105 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने इस प्रारूप में अपना पहला शतक बनाया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चार विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की।*(विस्तृत खेल पेज पर)*



---

देश के कई एयरपोर्ट पर चेक इन प्रणालियों में दिक्कत

## बेंगलुरु में 42 और इंडिगो ने 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द कीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/बेंगलुरु

देश के 8 एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी और कई जगह क्रू मेंबर्स की कमी के कारण हवाई अड्डों पर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। उधर 'मैन्युअल चेक-इन' और 'बोर्डिंग' प्रक्रिया लागू की गई थी। इंडिगो की 100 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं।

इंदौर में 11, हैदराबाद में 19, सूरत में 8, अहमदाबाद में 25, बेंगलुरु में 42 और कोलकाता में 10 फ्लाइट कैंसिल हुईं। इंडिगो एयरलाइन ने

**कहीं क्रू की कमी, ठीक होने में 48 घंटे लगेंगे डीजीसीए ने जवाब मांगा**

कहा कि खराब मौसम, सिस्टम में गड़बड़ी और स्टॉफ से जुड़े नए नियमों के चलते फ्लाइट पर असर पड़ा है। हम असुविधा के लिए माफी मांगते हैं। अगले 48 घंटे में ऑपरेशन पूरी तरह ठीक हो जाएगा।उधर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन से जवाब मांगा है।

---

**नवंबर में आई थी पहली किस्त**

## लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किस्त जारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की दूसरी किस्त जारी की। बुधवार की किश्त जारी होने के साथ ही 7 लाख 1 हजार 965 लाभार्थी बहनों के खातों में लगभग 148 करोड़ रुपये की राशि का लाभ पहुंचा है। मुख्यमंत्री बुधवार को यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे।

**सीएम सैनी बोले, अब हर तीसरे माह में डाले जाएंगे पैसे**

---

**दिल्ली एमसीडी उपचुनाव**

## भाजपा ने 7, 'आप' ने 3 व कांग्रेस ने 1 सीट जीती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार हुए चुनावी मुकाबले में भाजपा उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी और एमसीडी उपचुनाव की 12 में से केवल सात सीटें ही जीत पाई, जबकि पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी (आप) ने तीन वार्ड पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने संगम विहार ए वार्ड भाजपा (भाजपा) से छीन लिया। जिन 12 वार्डों में 30 नवंबर को उपचुनाव हुए थे, उनमें से किसी पर भी पहले कांग्रेस का कब्जा नहीं था।

**12 वार्डों में मतदान 30 नवंबर को हुआ था**

---

**सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी**

## मुठभेड़ में 15 नक्सली ढेर, 3 जवान शहीद

**बीजापुर (हरिभूमि न्यूज)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 15 नक्सलियों को मार गिराया और तीन जवान शहीद हो गए। बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे पश्चिम बस्तर डिवीजन इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 15 नक्सली मारे गए तथा तीन जवान भी शहीद एवं दो जवान घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में लगातार खोज अभियान जारी है तथा अतिरिक्त बलों को रवाना किया गया है।

**एसएलआर 303 राइफलें व गोला और बारूद भी जब्त किया**

---

संचार सारथी एप मामले में सरकार ने फैसला वापस लिया

## स्मार्ट फोन में पहले से साइबर सुरक्षा एप, इंस्टॉल करना अनिवार्य नहीं

**विपक्ष ने कहा था, इससे हो सकती है जासूसी**

*संचार मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने मोबाइल विनिर्माताओं के लिए एप पहले से इंस्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है।*

**नई दिल्ली (ब्यूरो )।** सरकार ने स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए सभी नए मोबाइल फोन में साइबर सुरक्षा ऐप 'संचार साथी' को पहले से अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश को बुधवार को वापस ले लिया। यह कदम उन बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया है जिनमें कहा गया था कि इससे उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघन होने के साथ निगरानी का जोखिम हो सकता है। हालांकि, सरकार का संचार साथी ऐप के बारे में कहना है कि यह केवल चोरी हुए फोन का पता लगाने और ब्लॉक करने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने में मदद करता है। ऐप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा।

**अब तक 1.40 करोड़ लोग कर चुके हैं डाउनलोड**

### विरोध के बाद लिया फैसला

यह कदम विपक्षी दलों और निजता का समर्थन करने वालों के विरोध के बाद उठाया गया है। उनका कहना था कि ऐप कॉल सुनने के साथ-साथ संदेश भी पढ़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि एप्पल और सैमसंग जैसे कुछ विनिर्माताओं ने 28 नवंबर के आदेश पर अपनी आपत्ति जताई है।



### एक दिन में 6 लाख ने डाउनलोड किया

मंत्रालय के बयान के अनुसार कि उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और ऐप इंस्टॉल करने का आदेश इस प्रक्रिया को तेज करने और कम जागरूक नागरिकों तक ऐप को आसानी से पहुंचाने के लिए दिया गया था। पिछले एक दिन में ही छह लाख नागरिकों ने ऐप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है, जो इसके उपयोग में 10 गुना वृद्धि है।




## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी विभाग के तीन अधिकारी सस्पेंड

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्य में अनियमितता की शिकायत पर पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन निशांत कुमार, एसडीई पुनीत मित्तल और जेई नसीम अहमद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंस के लखनौर साहिब में बनने वाले डिप्लोमा कॉलेज के कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर तीनों अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### हाइट मामले में महिला अभ्यर्थी को राहत

**चंडीगढ़।** प्रदेश में महिला कांस्टेबल भर्ती के एक लंबे चले विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने निर्णायक फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि किसी उम्मीदवार की हाइट को लेकर संदेह हो और किसी सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा की गई वैज्ञानिक माप उम्मीदवार के पक्ष में आती है, तो उसे नकारा नहीं जा सकता। जस्टिस जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने हरियाणा सरकार के 20 फरवरी 2019 वाले उस आदेश को रद कर दिया है, जिसके कारण याची ललिता को केवल 1.1 सेंटीमीटर की कथित कमी के चलते भर्ती से बाहर कर दिया गया था 2018 में जारी एक विज्ञापन के तहत महिला कांस्टेबल पद के लिए फतेहाबाद निवासी ललिता ने सभी चरण लिखित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन और अन्य परीक्षण सफलतापूर्वक पार कर लिए थे। लेकिन 20 फरवरी 2019 को हुए फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट में उसकी हाइट 156.9 सेमी दर्ज कर दी गई, जबकि न्यूनतम मानक 158 सेमी था।

### 24 साल पुराने मामले में कर्मचारी को राहत

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार के प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग के कर्मचारी मौजी राम के 24 साल पुराने विवाद में उसकी एसीआर में दर्ज नकारात्मक टिप्पणी हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने याची की निलंबन अवधि को ड्यूटी माना, ईमानदारी पर लगाए गए प्रतिकूल रिमार्क हटाए और सके खिलाफ जारी विभाग के कई निर्णय रद्द कर दिए । कोर्ट ने कहा कि 13 नवंबर 1997 से 5 मई 1998 तक की पूरी अवधि को अवधि ड्यूटी मानी जाएगी माना जाए और मौजी राम को पूरी तनख्वाह व भत्ते दिए जाए। यह आदेश जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने जारी किया। मौजी राम 1971 में क्लर्क के रूप में विभाग में आए थे और 1990 के दशक में विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत देने के बाद उनसे जुड़े विवाद शुरू हुए। याची के वकील डीआर रावत ने कहा कि उनकी शिकायत से ही घोटाला उजागर हुआ।

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में क्यूएए-क्यूसीआई और क्यूएए-एनएबीएल के बीच एमओयू

# अनाज मंडियों में लगेंगी एनएबीएल लैब फसलों की नमी का सटीक माप मिलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

**मंडियों तक गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में क्वालिटी एश्योरेंस ऑथोरिटी, हरियाणा द्वारा दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते क्रमशः क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया, दिल्ली तथा नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के साथ संपन्न हुए। इन एमओयू पर क्वालिटी एश्योरेंस ऑथोरिटी, हरियाणा के चेयरपर्सन राजीव अरोड़ा तथा क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया, दिल्ली के महासचिव चक्रवर्ती टी. कनन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनएबीएल के चेयरमैन डॉ. संदीप शाह उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर कहा कि इन दोनों समझौतों से हरियाणा में न केवल तकनीकी दक्षता और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को नया आयाम मिलेगा, बल्कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों की विश्वसनीयता, सुरक्षा और स्थायित्व भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगा। एनएबीएल लैब फसलों की नमी का सटीक माप मिलेगा। जिससे किसानों को फायदा होगा।



## कृषि एवं मंडी प्रणाली अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बनेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएबीएल के साथ हुए समझौते से प्रदेश की कृषि एवं मंडी प्रणाली को अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बनेगी । उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि एनएबीएल की तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए मंडियों में ऐसी लैब्स की स्थापना को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को वैज्ञानिक परीक्षण सुविधाएं तुरंत उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडियों में नमी मापने वाली अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध होने से किसानों को फसल की गुणवत्ता का सटीक एवं त्वरित मूल्यांकन मिल सकेगा, जिससे खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सड़कों, पुलों, इमारतों, शहरी अवसंरचना तथा अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्यों का तेजी से विस्तार हो रहा है। ऐसे में सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक परियोजना उच्च गुणवत्ता और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि इन समझौतों के माध्यम से इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसियों को आधुनिक तकनीकों तथा अत्याधुनिक गुणवत्ता प्रणालियों का लाभ मिलेगा।

### ममता बनर्जी सिर्फ एक विशेष वर्ग की राजनीति कर रही: नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार एक विशेष वर्ग को साधने में लगी हुई है, जबकि आम जनता, विशेषकर महिलाएं लगातार उत्पीड़न और शोषण का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल में महिलाओं की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज हरियाणा निवास में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में किस प्रकार हिन्दू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है और राज्य सरकार संवैधानिक दायित्वों का पालन करने के बजाय भेदभाव की राजनीति कर रही है।

### सीएम ने सहकारिता विभाग की बैठक ली

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीब परिवारों की आय के साधन बढ़ाने के उद्देश्य से गांवों में मिल्क प्रोड्यूसर्स सोसायटियां स्थापित की जाएं। इन सोसायटियों में विधवाओं, स्वयं सहायता समूहों और अंत्योदय परिवारों को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को सहकारिता विभाग की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत सोसायटियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए।

## स्कूलों को 26 हजार स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध करवाए : ढांडा

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों की ढांचागत स्थिति को मजबूत करना और विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक शिक्षण माहौल उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में सरकार स्कूलों में स्मार्ट शिक्षा पर जोर देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। शिक्षा मंत्री बुधवार को पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में करीब 26 हजार स्मार्ट क्लास बोर्ड उपलब्ध करवाए गए हैं, जिससे विद्यार्थी तकनीकी रूप से सक्षम हो रहे हैं। इसके साथ ही छात्रवृत्ति योजनाओं को भी और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी बिना बाधा अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्राथमिकता : शिक्षामंत्री



उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में ड्यूल डेस्क की व्यवस्था करवाई जा रही है, ताकि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों के निर्देश दिए कि जल्द से जल्द शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रांसफर का शेड्यूल जारी किया जाए। बैठक में अवगत कराया कि पूरे देश में हरियाणा ऐसा एकमात्र राज्य है जहां सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिड-डे-मील में विशिष्ट और पौष्टिक मेन्यू उपलब्ध कराया जाता है। विद्यार्थियों को मिड-डे-मील में दूध, खीर, पिन्नी और अन्य पौष्टिक आहार दिया जाता है। इसके अतिरिक्त भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7466

हमकि (1) संजय पुत्र रामनिवास पुत्र मांगेराम व (2) श्रीभगवान (3) मदनसिहं (4) संतराम पुत्रान मांगेराम पुत्र गोपाल, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गाँव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 324/274, खाता न0 335, मु0 न0 18, किला न0 1/2(2–0), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला का 4/27 भाग, बकदर 0 कनाल 5.92 मरले (0.037 एकड़) (जिसमें संजय 1/27 भाग व श्रीभगवान – मदनसिहं – संतराम हर तीन समभाग 1/9 भाग) वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 18, किला न0 1/2 मिन मध्य (0–5.92), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 5.92 मरले (0.037 एकड़), पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 03.12.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


### बांड-मुक्त कर्मियों को नौकरी के लिए आवेदन पर एनओसी नहीं लेनी होगी

**चंडीगढ़।** सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के त्यागपत्र और नौकरी आवेदन की प्रक्रिया से संबंधित निर्देशों को संशोधित और एकीकृत करते हुए महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा बुधवार को इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश इस विषय पर पूर्व में जारी सभी दिशा- निर्देशों का स्थान लेंगे। राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए उन सरकारी कर्मचारियों के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है, जिन्होंने कोई बांड निष्पादित नहीं किया है और हरियाणा सरकार के भीतर ही किसी अन्य पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं। ऐसे कर्मचारी अब सीधे हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग जैसी भर्ती एजेंसियों को आवेदन कर सकेंगे।

### अरावली में खनन की छूट देना सरकार का पर्यावरण विरोधी और विनाशकारी निर्णय



**चंडीगढ।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार द्वारा अरावली पर्वतमाला में 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को खनन प्रतिबंधों से बाहर करने के फैसले को भारत के पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। सरकार का यह निर्णय पर्यावरण-विरोधी और विनाशकारी है। सरकार की गलत नीतियां हमारे प्राकृतिक संसाधनों को संकट में डाल रही हैं।

### एमडीयू की नैक रिपोर्ट को लेकर राज्यपाल से मिले जजपा नेता



**चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा झूठी नैक रेटिंग दिखाकर लाखों युवाओं के भविष्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ के गंभीर विषय को लेकर जननायक जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा और एक उच्च स्तरीय कमेटी से जांच करवाकर सभी दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करवाने की मांग उठाई है। पत्रकारों से रूबरू होते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मार्च 2024 में ही एमडीयू की नैक रैंकिंग की मान्यता खत्म हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने झूठ और असंवैधानिक तरीके से न केवल बच्चों को ए+ रेटिंग बता कर उनके दाखिले करवाए बल्कि दो बैच के बच्चों को तो ए+ रेटिंग लिखी हुई डिग्रियां और मार्कशीट वितरण की। उन्होंने कहा कि एमडीयू के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते आज डेढ़ लाख से ज्यादा विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।

### विधायक गौतम ने जाति विशेष पर दिए बयान पर माफी मांगी

**चंडीगढ़।** वरिष्ठ विधायक रामकुमार गौतम ने जाट समाज को लेकर दिए गए बयान पर यूटर्न ले लिया है। उन्होंने अपने बयान पर सफाई दी और मुंह से गाली निकल जाने पर माफी मांगी है। रामकुमार गौतम ने दुष्यंत चौटाला और अभय चौटाला पर भड़कते हुए कहा कि प्रदेश में इंडियन नेशनल लोकदल कभी भी सत्ता में नहीं आएगा। दुष्यंत चौटाला के साथ जब मैं था 10 सीट आई, अब पांचवी पोजीशन। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ आजकल बड़ा भारी प्रचार चल रहा है, कि मैंने कुछ जाटों के खिलाफ बोला है, मैं किसी भी किसी जाति के खिलाफ नहीं बोला। मेरी परवरिश नारनौंद गांव में हुई है, मुझे जाटों ने बहुत कुछ दिया है, हर बिरादरी ने दिया है जाटों का गांव है, मेरे पिता को सरपंच बनाया, इसके बाद ब्लॉक समिति का अध्यक्ष बनाया। मुझे दोनों बार विधायक बनाने में जाट समाज का अहम योगदान रहा। उसके बाद जाट भाइयों का रुझान हुड्डा साहब की तरफ था, फिर भी कुछ लोगों ने मुझे वोट दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने जो बयान दिया था वह उन लोगों के लिए दिया था जो राज कर चुके हैं और राज में बहुत बदमाशी कर चुके हैं, जातिवाद का जहर घोलना, सारी नौकरियां खा जाना उनके समय में अनेक कांड हुए।

### गृह विभाग के डैशबोर्ड लॉन्च, सीएम बोले- पब्लिक सेफ्टी में होगा बदलाव



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को गृह विभाग के डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। यह एक बड़ा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो पूरे राज्य में कानून लागू करने, इमरजेंसी में मदद करने और पब्लिक सेफ्टी मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव लाएगा। इस पहल को एक अहम मील का पत्थर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए सिस्टम से सीनियर अधिकारी एक ही इंटरफ़ेस पर पुलिस, फायर, एम्बुलेंस, जेल और दूसरे ज़रूरी विंग से रियल-टाइम जानकारी पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे गृह विभाग में समन्वय बेहतर होगा, क्षमता बढ़ेगी और तेज़ी से फैसले लेने में मदद मिलेगी। सैनी ने इस नई पहल के लिए होम सेक्रेटरी और दूसरे सीनियर अधिकारियों और टेक्निकल टीम को बधाई दी। यह इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस), डायल-112 इमरजेंसी रिस्पॉन्स, ई-प्रिज़न, ई-चालान, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और इससे जुड़े प्लेटफॉर्म जैसे ज़रूरी सिस्टम को एक साथ लाता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को डैशबोर्ड के साथ ई-समन और ई-चालान को जोड़ने का भी निर्देश दिया। डैशबोर्ड के ज़रिए सभी 20 जेलों की रियल टाइम में लाइव मॉनिटरिंग होगी।


**Horiticulture Departmaent, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**ई-निविदा सूचना**

उप निदेशक उद्यान, IHDC, सुन्दरह, द्वारा बागवानी विभाग हरियाणा के सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ में स्थित एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह में जॉब रोल बेसिस पर मेनियल व अन्य कार्यों के लिए दर अनुबंध हेतु ई-निविदा आमंत्रित कि जाती है। आयोजन कि महत्वपूर्ण तिथियां निम्नलिखित है:-

| क्र. सं. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ तिथि | 05.12.2025 | दोपहर 12.00 बजे |
| 2. | बोली जमा करने और ईएमडी की अंतिम तिथि | 26.12.2025 | अप. 05.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली का खुलना | 29.12.2025 | अप. 04.00 बजे |
| 4. | वित्तिय बोली का खोलना | 02.01.2026 | अप. 04.00 बजे |

ईएमडी राशि 50000/- रूपए (केवल पचास हजार रूपए) होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सुरक्षित इलैक्ट्रॉनिक गेटवे कि सेवा का उपयोग करके अनिवार्य रूप से 1180/- रूपए (एक हजार एक सौ अस्सी रूपए मात्र) का ई-सेवा शुल्क (वापसी योग्य नहीं) और 5000/- रूपए (पांच हजार रूपए मात्र) का निविदा दस्तावेज शुल्क (वापसी योग्य नहीं) ऑनलाइन भुगतान करना होगा। विस्तृत विवरण नियम और शर्तें ई-टेंडर पोर्टल यानी https://etenders.hry.nic.in पर दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे से उपलब्ध निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट हैं।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच : 1149/11/998/2026/40855/88/6 दि. 03.12.25



**Maharani Kishori Jat Kanya Mahavidyalaya, Rohtak**
(Run & Managed by Jat Education Society (Regd.), Rohtak

It is hereby notified for the general public that an open auction of demolition of old Girls Hostel Building of Maharani Kishori Jat Kanya Mahavidyalaya, Rohtak, will be held in the college premises on 15.12.2025 (Monday) at 11:00am. The tentative cost of the material is Rs. 17.50 lacs only (Seventeen Lacs Fifty Thousand Only). Interested bidders may participate in the auction by depositing Earnest Money of Rs. 50,000/- (Rupees Fifty Thousand only) in cash before the commencement of the auction. The highest bidder will be required to deposit 25% of the bid amount within two days and the remaining amount within a period of the months of disposal of all the material, whichever is earliest.The auction shall be held on "as is where is" basis, and the decision of the auction committee shall be final and binding. For further details/ queries or to inspect the old Girls Hostel Building, you may contact the Principal from 11 am to 2:00 pm during all working days.

President Sd/- Principal


### राज्यपाल से मिले इनेलो नेता जनहित के मुद्दों पर की चर्चा



**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में 11 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। जुलाई से सितम्बर तक हुई भारी बारिश से खेतों में जलभराव हुआ जिससे किसानों की लाखों एकड़ में खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। 12 जिले आज भी प्रभावित है। आज भी पानी खड़ा है। पड़ोसी पंजाब ने किसानों को 20 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे दिया है। जबकि हरियाणा की भाजपा सरकार मुआवजा राशि ही तय नहीं कर पाई। राज्यपाल को बताया कि सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया है। जल्द खेतों में खड़ा पानी निकालने और किसानों को मुआवजा देने की बात रखी। दूसरा 2 बास्केट बाल मृतक खिलाड़ियों को शहिद का दर्जा देकर सभी सुविधाएं दी जाने की बात रखी। अलग राजधानी की भी बात की है। राज्य सरकार ने अपनी बात सही तरीके से नहीं रखी। इसलिए केंद्र ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | **पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

शाखा कार्यालय : शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद कुमार सुपुत्र जीवन दास (कर्जदार), अरूण कुमार सुपुत्र जीवन दास (सह-कर्जदार), चरण दास सुपुत्र जीवन दास (सह-कर्जदार), सुशील कुमार सुपुत्र जीवन लाल (सह-कर्जदार), NHKTL00001262840. | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से/प्लॉट नं. 23 माप 250 वर्ग गज, जोकि 33 कनाल 13 मरले में से 25/2019 हिस्सा है जोकि खेवट सं. 69/154, मुरब्बा सं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 14/2, 15 किते 6 जोकि पट्टी गदर, पटेल नगर कैथल-तहसील व जिला कैथल में स्थित है दस्तावेज सं. 8717 दिनांक 30.03.2011 के अनुसार सुशील कुमार और अरूण कुमार सुपुत्र जीवन दास के पक्ष में है सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से प्लॉट नं. 22 माप 250 वर्ग गज जोकि 33 कनाल 13 मरले में से 25/2019 हिस्सा है और खेवट सं. 69/154 मुरब्बा नं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 14/2, 15 किते 6 जोकि पट्टी गदर पटेल नगर, कैथल, तहसील व जिला कैथल में दस्तावेज सं. 8715 दिनांक 30.03.2011 के अनुसार चरण दास पुत्र जीवन दास के पक्ष में है, सीमाएं निम्नानुसार है :- उत्तर : गली, दक्षिण : अन्य मालिक, पूर्व : फैक्टरी, पश्चिम : प्लॉट नं. 23. / कब्जे की तिथि 01 दिसम्बर 2025. | 06-09-2025 रु. 38,45,381/- | अम्बाला |
| 2. | विनोद कुमार सुपुत्र जीवन दास (कर्जदार), अरूण कुमार सुपुत्र जीवन दास (सह-कर्जदार), चरण दास सुपुत्र जीवन दास (सह-कर्जदार), सुशील कुमार सुपुत्र जीवन लाल (सह-कर्जदार), NHKTL00001262841. | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से/प्लॉट नं. 23 माप 250 वर्ग गज, जोकि 33 कनाल 13 मरले में से 25/2019 हिस्सा है जोकि खेवट सं. 69/154, मुरब्बा सं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 14/2, 15 किते 6 जोकि पट्टी गदर, पटेल नगर कैथल-तहसील व जिला कैथल में स्थित है दस्तावेज सं. 8717 दिनांक 30.03.2011 के अनुसार सुशील कुमार और अरूण कुमार सुपुत्र जीवन दास के पक्ष में है सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से प्लॉट नं. 22 माप 250 वर्ग गज जोकि 33 कनाल 13 मरले में से 25/2019 हिस्सा है और खेवट सं. 69/154 मुरब्बा नं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 14/2, 15 किते 6 जोकि पट्टी गदर पटेल नगर, कैथल, तहसील व जिला कैथल में दस्तावेज सं. 8715 दिनांक 30.03.2011 के अनुसार चरण दास पुत्र जीवन दास के पक्ष में है, सीमाएं निम्नानुसार है :- उत्तर : गली, दक्षिण : अन्य मालिक, पूर्व : फैक्टरी, पश्चिम : प्लॉट नं. 23. / कब्जे की तिथि 01 दिसम्बर 2025. | 06-09-2025 रु. 1,16,64,223/- | अम्बाला |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 04 दिसम्बर 2025, स्थान : कैथल — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अंग्रेज पुत्र** पलकू राम, **पताः** गांव अलावल्वास फतेहाबाद लाली जिला फतेहाबाद **हरियाणा FIR No. 0525/2023, U/s: 482 IPC & 33 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः रणहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंग्रेज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंग्रेज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अंग्रेज FIR No. 0525/2023, U/s: 482 IPC & 33 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः रणहौला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अंकित करण सिंह
महानगर दण्डाधिकारी–08 (पश्चिम)
कमरा नं. 30
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16118/OD/2025
(Court Matter)


### यमुना प्रदूषण नियंत्रण अभियान को गति मिलेगी

**चंडीगढ़।** सरकार ने यमुना नदी की स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों की गति बढ़ा दी है। इस संबंध में बुधवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि यमुना में मिलने वाले 11 प्रमुख नालों से प्रतिदिन बहने वाले 1511.55 मिलियन लीटर अपशिष्ट जल में से लगभग 1000 मिलियन लीटर पहले से ही उपचारित किया जा रहा है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में दो लेन आरओबी पलवल अलावलपुर मोहना रोड पर एलसी-566 पर रोड आईडी 3570 और 3602 आरडी 0.34 से 1.36 कि.मी. तक (बिना जीएसटी) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.12.2025 | 187.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | जिला झज्जर में ससरोली से झासवा तक नई सड़क का निर्माण (एचटी/एलटी लाइन की शिफ्टिंग) + 2 कार्य। | 02.12.2025 09.12.2025 | 18.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जिला जीन्द सफीदों में एस.डी.ओ. (सिविल) परिसर में आंतरिक सड़क की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 11.12.2025 | 79.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला फतेहाबाद में न्यायालय परिसर में एलईडी फिक्सचर सीलिंग फेन और एग्जॉस्ट फेंस को बदलना (रिप्लेसमेंट ऑफ ओल्ड एमएक्स बॉक्स एंड बैकेलाइट शीट मॉड्यूलर बॉक्स सहित का प्रावधान और एक्सेसरीज न्यायालय परिसर फतेहाबाद के भू-तल में)। | 02.12.2025 09.12.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव अजायब ब्लॉक महम, जिला रोहतक में भूमि विकास प्रोग्राम के तहत वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से रिक्लेमेशन ऑफ वाटर लॉग्ड एंड सैलेन साइल। | 01.12.2025 12.12.2025 | 169.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 6 | एचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एचकेएम जीएमसी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में केन्द्रीय लाइब्रेरी हेतु चिकित्सा पुस्तकों के लिए निविदा। | 05.12.2025 21.12.2025 | 25.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | सिविल सर्जन नारनौल | डीटीसी नारनौल में खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा। | 04.12.2025 15.12.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466991604 dpm.mhn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/140/40845/I/88/6 दि. 03.12.2025




## महिला आयोग ने उपायुक्त व डीईओ से रिपोर्ट मांगी, स्कूल संचालक ने पंचायत में जूता मुंह में लेकर माफी मांगने की बात कही

# डीईओ से बोलीं छात्राएं छेड़छाड़ और मारपीट होती है, कार्रवाई की मांग

***स्कूल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज, अवैध रूप से चल रही 11वीं व 12वीं की कक्षाएं***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नव ज्योति हाई स्कूल ढाणी भोजराज में छात्राओं के साथ मारपीट और अश्लील हरकतों के गंभीर आरोपों ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मीडिया में बुधवार को मामला प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग व प्रशासन हरकत में आ गया। स्कूल संचालक सुभाष चंद्र श्योराण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित छात्राएं बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई के सामने पेश हुईं और रोते-बिलखते पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया।




**भूना।** पीड़ित छात्राएं मीडिया के सामने घटनाक्रम की जानकारी देती हुई एवं खंड शिक्षा अधिकारी निर्मला सिहाग के नेतृत्व की जांच कमेटी आरोपी संचालक सुभाष चंद्र श्योराण से छात्राओं के साथ मारपीट पर सवाल करते हुए फोटो : हरिभूमि

**आरोपों पर जांच टीम स्तब्ध :** छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोप सुनकर जांच टीम भी स्तब्ध रह गई। पीड़ित छात्राओं ने बताया कि स्कूल संचालक सुभाष चंद्र श्योराण लंबे समय से उनके साथ मारपीट, अश्लील हरकतें और बेड टच करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल संचालक उन्हें नितंबों पर डंडे से मारता था और विरोध करने पर घंटों तक खड़ा रखकर प्रताड़ित करता था। छात्राओं ने बताया कि 24 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे 11वीं और 12वीं कक्षा की 13 छात्राओं को कार्यालय में बुलाया गया। संचालक ने नाराज होकर पूछा कि "मेरी बेटी के बारे में कौन सबूत जुटा रहा है?" जब दो छात्राओं ने बोलने की कोशिश की, तो उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

### 5 घंटे स्टैंडिंग मोड में रखा

छात्राओं ने कहा कि सुबह 10 बजे से दोपहर 3:15 बजे तक उन्हें स्टैंडिंग मोड में खड़ा रखा गया, मारपीट की गई और मानसिक यातनाएं दी गईं। जब घटना की सूचना उनके परिजनों तक पहुंची तो स्कूल संचालक ने पंचायत में जूता मुंह में लेकर माफी मांगने की बात कही। स्थानीय मान-सम्मान व बेटियों के मामले के चलते परिवारों ने उस समय मामला दबा दिया।

### अवैध रूप से चल रही कक्षाएं

जांच के दौरान एक बड़ा खुलासा यह भी हुआ कि नव ज्योति हाई स्कूल की मान्यता केवल 10वीं कक्षा तक है, लेकिन लंबे समय से अवैध रूप से 11वीं और 12वीं की कक्षाएं चलाई जा रही थीं। दोनों कक्षाओं में 27 विद्यार्थी दर्ज पाए गए। डीईओ ने मामले की जांच के लिए बीईओ निर्मला सिहाग के नेतृत्व में 4 सदस्यीय कमेटी गठित की है।

### संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

पीड़ित छात्राओं ने खुलकर बयान दिए हैं और अभिभावक भी मौजूद रहे। रिपोर्ट निदेशालय, उपायुक्त फतेहाबाद और राज्य महिला आयोग को पुटअप की जाएगी। "जैसी दिशा-निर्देश मिलेंगे, स्कूल संचालक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर डीएसपी से भी कानूनी कार्रवाई के लिए सिफारिश की गई है। **-संगीता बिश्नोई**, डीईओ

## भतीजे का अपहरण कर बहन लाने की रखी शर्त पुलिस ने छुड़वाया

**बावल।** ईंट भट्ठे पर कार्यरत एक श्रमिक के पांच साल के बेटे को उसका सगा भाई बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पिता ने अपने बेटे की तलाश की, तो उसी के सगे भाई ने उसके बेटे की रिहाई के लिए उसकी बेटी को लाने की शर्त रख दी। वह उसकी बेटी को पहले भी बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी को काबू करते हुए बच्चे को मुक्त करा लिया। आरोपी के खिलाफ अपहरण व पोक्सो एक्ट सहित विभिन्नप धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। राजस्थान के एक गांव निवासी श्रमिक ने बताया कि उसने लगभग 8 साल पहले एक महिला के साथ शादी की थी। महिला के दो बेटी और एक बेटा पहले से ही था। उसके साथ शादी होने के बाद उन्हें एक और लड़का हुआ, जो अब पांच साल का है। बेटा बावल क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ता है।

**ट्रक डिवाइडर तोड़ कर विपरीत दिशा में आया**

## घरौंडा में भीषण सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार चार लोगों की मौत हो गई। चंडीगढ़ से दिल्ली की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा में आ गया और सामने से आ रहे तीन वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंजाब रोडवेज की एक बस, एक कार और एक बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कार में सवार पिता-पुत्र सहित कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना की शुरुआती जांच के



मुताबिक सुबह लगभग साढ़े नौ बजे ट्रक चंडीगढ़ से दिल्ली की ओर तेज गति से जा रहा था। अचानक ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक डिवाइडर फांदकर दूसरे लेन में घुस गया। सबसे पहले ट्रक की टक्कर पंजाब रोडवेज की बस से हुई। इसके बाद ट्रक आगे बढ़ते हुए एक बाइक को कुचलता हुआ कार पर जा पलटा। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए।

**विज बोले नीलामी में बोली लगाना शौक नहीं जिम्मेदारी**

## वीआईपी नंबर की 1.17 करोड़ की बोली लगाने वाले की संपत्ति की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एचआर 88 बी 8888 नंबर के लिए ऑनलाइन नीलामी के दौरान 1 करोड़ 17 लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाने वाले की संपत्ति जांचने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही इनकम टैक्स को भी उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए लेटर भेजा गया है। मजे की बात है कि बोली लगाने के बाद बोलीदाता ने अपनी सुरक्षा राशि भी जब्त करवा ली। अब इस वजह से उस व्यक्ति की संपति और आय की जांच करवाई जाएगी और देखा जाएगा कि वास्वत में उस व्यक्ति की आर्थिक क्षमता एक करोड 17 लाख की बोली लगाने की है या नहीं। विज ने बताया कि राज्य में वीवीआईपी वाहन नंबर नीलामी प्रणाली से आवंटित किए जाते हैं। कई लोग बड़ी-बड़ी बोलियां लगाकर इन नंबरों को खरीदने की कोशिश करते हैं। यह न केवल प्रतिष्ठा का विषय होता है बल्कि सरकार की राजस्व वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एचआर 88 बी 8888 नंबर के लिए ऑनलाइन नीलामी के दौरान किसी व्यक्ति ने 1 करोड़ 17 लाख की सबसे ऊंची बोली लगाई थी। बोली लगाने के बाद उस व्यक्ति ने अपनी सुरक्षा राशि जब्त होने दी।



## नशे में कंपनी कर्मचारी का गला घोंटने का प्रयास, युवक ने बचाया

**बावल।** बनीपुर रोड पर बुधवार को खाली जगह पर बैठकर शराब पी रहे एक कर्मचारी का उसी का साथी कपड़े के परने से गला घोंटने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे आसलवास के एक युवक के वहां पहुंचते ही गला घोंट रहा युवक वहां से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारी को अस्पताल पहुंचाया। उसके बयान




पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मूल रूप से राजस्थान के सिरोड़ गांव का रहने वाला जयराम एक कंपनी में नौकरी करता है।

## कैथलः युवक की हत्या करने वाले को उम्रकैद और जुर्माना

**कैथल।** गांव ककहेड़ी क्षेत्र में युवक की हत्या करने के मामले में दोषी को मोहित अग्रवाल अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैथल की अदालत द्वारा बुधवार को एक आरोपी को उम्रकैद तथा 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। डीएसपी बीरभान ने बताया कि गांव ककहेड़ी क्षेत्र के खेत कोठा अंदर 8 अप्रैल 2021 को एक युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान ककहेड़ी निवासी मनीष के रूप में हुई थी। ब्लाइंड मर्डर मामले की जांच करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी गौरव उर्फ गौरी निवासी ककहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया था। तबसे कोर्ट में मामला विचाराधीन था।

### अपरहण में शामिल 5 लोगों को सजा

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर पोंटा साहिब, यमुनानगर व मोहाली वासी आरोपी महिला सहित सराफत अली वासी यमुनानगर तथा सलिन्द्र सिंह वासी कपुरैली जिला पोढ़ी गढ़वाल उतराखंड को दोषी करार देते हुए एक को आजीवन करावास व अन्य को कारावास व 10/10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।



# रुपया पहली बार 90 के नीचे गिरा, रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा


# ऐसा पहली बार, 90.16 रुपये में एक डॉलर

एजेंसी ⏭ मुंबई

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को पहली बार 90 प्रति डॉलर के नीचे चला गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे टूटकर 90.16 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता कायम रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक के आगे न आने से स्थानीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई।

- 15 अगस्त 1947 को जब भारत को आज़ादी मिली, तो रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर के बराबर थी। भारत की बैलेंस शीट पर कोई विदेशी उधार नहीं था।
- 1920 के दशक में रुपए की क्रय शक्ति मजबूत थी, लेकिन उस वक्त भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। तब मुद्रा का मूल्य सोने और चांदी से जुड़ा हुआ था।
- 1947 स्वतंत्रता के बाद भारत ने मुद्रा को स्थिर रखने के लिए मौद्रिक नीतियां अपनाईं। उस वक्त एक अमेरिकी डॉलर एक रुपये के बराबर था।
- 1970 के दशक में जब वैश्विक तेल संकट हुआ, तब बढ़ती मुद्रास्फीति की वजह से रुपए की क्रय शक्ति तेजी से घटने लगी।

## 77 साल पहले 1 रुपया = 1 डॉलर




### इकानॉमी के लिए ठीक नहीं ये गिरावट

गौरतलब है कि जब किसी देश की करेंसी तेजी से टूटती है, तो इसे उस देश की इकानॉमी के लिए ठीक नहीं माना जाता है। ऐसे में रुपया में गिरावट पर ब्रेक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाना बेहद जरूरी है। इसके तमाम तरह के नुकसान देखने को मिलते हैं, जिनमें महंगाई बढ़ने का जोखिम सबसे आगे है।

### कब रुपया डॉलर से जुड़ा

1971 में रुपये का ब्रिटिश मुद्रा से संबंध टूट गया और इसे सीधे अमेरिकी डॉलर से जोड़ दिया गया। 1975 में भारतीय रुपए का मूल्य एक डॉलर के मुकाबले 8.39 आंका गया था। 'यूएस डॉलर टू इंडियन रुपी' टॉपिक पर गूगल पर भी खूब सर्च किया गया।

### 18 साल स्थिर रहा रुपया

आज़ादी के बाद भारत ने एक निश्चित दर वाली मुद्रा प्रणाली को अपनाने का फ़ैसला किया था। 1948 से 1966 के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया 4.79 पर स्थिर था। लगातार दो युद्धों 1962 में चीन के साथ और 1965 में पाकिस्तान के साथ ने भारत के बजट पर भारी घाटा दिया, जिससे सरकार को डॉलर के मुकाबले मुद्रा का अवमूल्यन कर 7.57 पर लाना पड़ा।

# पान मसाला पैक पर अब खुदरा मूल्य छापना होगा अनिवार्य, फरवरी से लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप पान मसाला खाते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। सरकार ने पान मसाला के पैकेटों पर बड़ा फैसला लिया है। अब से चाहे पान मसाला का पैकेट कितना भी छोटा या बड़ा हो, उस पर एमआरपी यानी खुदरा बिक्री मूल्य और लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स, 2011 के तहत जरूरी सभी जानकारियां छापनी होंगी। यह नियम 1 फरवरी 2026 से लागू हो जाएगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने लीगल मेट्रोलॉजी सेकंड (अमेंडमेंट) रूल्स, 2025 को अधिसूचित किया है। उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि ये बदले हुए नियम 1 फरवरी 2026 से लागू होंगे। तब से सभी पान मसाला बनाने वालों, पैक करने वालों और आयात करने वालों को इन नियमों का पूरी तरह से पालन करना होगा। पहले छोटे पैकेट, जैसे 10 ग्राम या उससे कम के पैकेट, पर एमआरपी छापना जरूरी नहीं था। लेकिन अब इन छोटे पैकेटों पर भी एमआरपी छापना अनिवार्य कर दिया गया है।

## मंत्रालय ने नियमों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी, सरकार ने चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया

# श्रम संहिता अगले साल 1 अप्रैल से होगी पूरी तरह से लागू, जल्द नियमों का मसौदा जारी


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र और राज्य सरकारों को जनता की प्रतिक्रिया के लिए नियमों के मसौदे को प्रकाशित करने से पहले सार्वजनिक करना आवश्यक है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यहां सीआईआई इंडियाएज 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं के तहत मसौदा नियम प्रकाशित किए जाने से पहले जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे।

मांडविया ने कहा कि इससे पहले केंद्र सरकार और राज्यों ने नियमों के मसौदे को पहले ही सार्वजनिक कर दिया था, लेकिन वह काफी समय पहले की बात है। अब मसौदे को वर्तमान समय के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नियमों के मसौदे को प्रकाशित करने से पहले, सरकार अधिसूचना के लिए उन्हें अंतिम रूप देने से पहले जनता की टिप्पणियों को लेकर 45 दिन का समय देगी।

सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम श्रम संहिताएं अगले साल एक अप्रैल से पूरी तरह से लागू होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने अधिसूचित कानून के तहत नियमों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने चार श्रम संहिताओं वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कामकाज स्थिति संहिता, 2020 को 21 नवंबर को अधिसूचित किया। किसी कानून को लागू करने के लिए, सरकार को उसके तहत नियमों को अधिसूचित करना आवश्यक है।

### जनता की प्रतिक्रिया के लिए अधिसूचित करना जरूरी




### कार्य घंटे अभी भी आठ घंटे

अधिकारी ने यह भी बताया कि सरकार का मकसद नए वित्त वर्ष की शुरुआत यानी एक अप्रैल से इन चारों संहिताओं के क्रियान्वयन के लिए नियम लागू करने का है। मंत्री ने सम्मेलन में एक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि नई संहिताओं के तहत एक कर्मचारी के लिए कार्य घंटे अभी भी आठ घंटे प्रतिदिन है।

### ओवरटाइम का विकल्प मिलेगा

इस प्रमुख श्रम सुधार में 29 मौजूदा श्रम कानूनों को सुसंगत बनाते हुए उन्हें इसमें एकीकृत किया गया है। मांडविया ने कहा कि नई रूपरेखा कर्मचारी को 'ओवरटाइम' का विकल्प प्रदान करती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय चलन है।

### सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता

मंत्री ने मार्च, 2026 तक 100 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा करने की सरकार की मंशा का भी जिक्र किया। यह अभी फिलहाल 94 करोड़ है। सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

### श्रम एक समवर्ती विषय

चूंकि श्रम एक समवर्ती विषय है, इसलिए संबंधित सरकारों...केंद्र और राज्यों... को देश भर में इन्हें पूरी तरह से लागू करने के लिए चारों संहिताओं के तहत नियमों को अधिसूचित करना होगा। मंत्री ने श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों का उल्लेख किया।

### समान वेतन व अवसर शामिल

इसमें अनिवार्य नियुक्ति पत्र, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, समान कार्य समान वेतन और महिलाओं को विभिन्न पालियों में काम करने के समान अवसर शामिल हैं।

## सोना 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

# सोने में 670 रुपये की तेजी और चांदी टूटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मजबूत वैश्विक रुझानों और रुपये में भारी गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश मांग के लिए समर्थन मिलने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 670 रुपये चढ़कर 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी ने छह दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ दिया और इसकी कीमत 460 रुपये की गिरावट के साथ 1,80,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "मजबूत वैश्विक रुख और भारतीय मुद्रा में कमजोरी के कारण घरेलू बाजारों में सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई।" बुधवार को, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच, रुपया पहली बार 90-डॉलर के स्तर को पार कर 90.21 (अस्थायी) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद से 25 पैसे की गिरावट है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,207.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 58.47 डॉलर प्रति औंस हो गई। सत्र के दौरान चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 58.94 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

**नगर निगम रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकॉर्ड में नई प्रोपर्टी आई०डी० न. 1H5L2B97 पुरानी प्रोपर्टी आई०डी० न. 54C7U219P11 वार्ड न./पता Ashok Nagar Rohtak पुराने एन०डी०सी० रिकॉर्ड में Rajesh व सर्वे के अनुसार नए एन०डी०सी० रिकॉर्ड में Rajesh नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकॉर्ड में इस आई०डी० न०. में प्रार्थी जिसका नाम Krishna Kumari Kalra, Rajesh Kalra, Rakesh Kumar के द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है, जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
क्रमांक: MCR/ZTO/2025/4560 हस्ता/- क्षेत्रीय कराधान अधिकारी,
दिनांक: 03/12/2025 नगर निगम रोहतक।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Ravleen Kaur, Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Canara Bank through Sh. Rajeev Kumar, its Manager and Principal officer
Vs.
Mukesh Kumar S/o Balbir
CNR No. HRRH02-001590-2022
Next Date:- 20-02-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
Mukesh Kumar S/o Balbir
R/o H.No. 650/11, Kabir Colony, Rohtak
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-02-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice &district-Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 29-11-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Ravleen Kaur, Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Canara Bank
Vs.
Shiv Kumar son of Jai Parkash
CNR No. HRRH02-001680-2019
Next Date:- 20-02-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
Shiv Kumar son of Jai Parkash
R/o 2979/34, Ram Nagar, Rohtak
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-02-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice &district-Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 29-11-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Dr. Jyoti Civil Judge (Junior Division), Gohana
Dilawar Singh
Vs.
State of Haryana
CNR No. HRSOB0-000878-2022
Next Date:-13-12-20256
PUBLICATION ISSUED TO:
5. SUKHBIR SINGH S/O MANGE RAM SON OF NADH RAM R/O VILLAGE PUTHAR, ISRANA, PANIPAT
6. RANBIR SINGH S/O BHARAT SINGH S/O PALHADA R/O VILLAGE GANGANA, GOHANA, SONIPAT
7. SUKHBIR SINGH S/O BHARAT SINGH S/O PALHADA R/O VILLAGE GANGANA, GOHANA, SONIPAT
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 13-12-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice &district-Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Sonipat
Dated, this day of 03-12-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Narender Singh, Additional District and Sessions Judge, Sonipat
Nafe Singh
Vs.
Manjeet (Driver of Vehicle No. HR 69D 3491 FIR No. 36/2025 PS Rai)
CNR No. HRSO01-003411-2025
Next Date:- 21-01-2026
Prayed that the respondent/s may kindly be directed to pay amount of Rs. 50 Lacs as compensation to the Petitioner/s Claimant/s alongwith interest at the rate 18 percent per annum. from the date of filing the petition till actual realization And any other relief as may deem fit in favour of the petitioner/s claimant/s in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
Manjeet (Driver of Vehicle No. HR 69D 3491 FIR No. 36/2025 PS Rai)
Son:-HARI KISHAN, R/O VILLAGE PINANA DISTT. SONEPAT
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 21-01-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice &district-Sonipat
Sd/- Additional District and Sessions Judge, Sonipat
Dated, this day of 02-12-2025

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## दर कटौती पर होगा फैसला

## रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हुई शुरू

**मुंबई (एजेंसी)।** मौद्रिक नीति तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन-दिवसीय बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इस बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की संभावना जताई जा रही है लेकिन कुछ विशेषज्ञ यथास्थिति कायम रहने की भी उम्मीद जता रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय एमपीसी का फैसला शुक्रवार




को घोषित किया जाएगा। यह द्विमासिक समीक्षा बैठक खुदरा मुद्रास्फीति में लगातार नरमी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उच्च वृद्धि दर, डॉलर के मुकाबले रुपये का भाव 90 के पार चले जाने और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच हो रही है। आरबीआई ने इस साल फरवरी से जून के दौरान तीन किस्तों में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती की थी। हालांकि, उसके बाद अगस्त एवं अक्टूबर की बैठकों में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया।

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# विदेशी पूंजी की निकासी से घरेलू बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 31 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक मामूली नुकसान के साथ बंद हुए। सीमित कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 31 अंक नीचे आया जबकि एनएसई निफ्टी में 46 अंक की गिरावट आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 31.46 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 374.63 अंक तक नीचे आ गया था। इसी प्रकार 50 शेयर वाला एनएसई निफ्टी 46.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत फिसलकर 25,986 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और बजाज फिनसर्व के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। दूसरी ओर लाभ में रहने वाले शेयर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, " भारतीय रुपये के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के कारण शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी जबकि मुद्रा की कमजोरी ने उनके डॉलर-समायोजित 'रिटर्न' पर असर डाला।" बीएसई मिडकैप में 0.95 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत की गिरावट आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, " डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने और रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से बाजार की धारणा प्रभावित हुई।"




**कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
क्र / 641 / लो.नि.वि. / न.पं. / 2025-26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 03/12/2025
-: ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-
Main Portal:- https://eproc.cgstate.gov.in
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी. आर. में) | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 181007 | CONSTRUCTION OF SHOPPING COMPLEX AT DALLIRAJHARA ROAD AT WARD NO. 03 BHANUPRATAPPUR (निकाय/ प्रीमियम मद) | 168.55 | 126500.00 | 12 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |


उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें उल्लेखित वेबसाईट एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सबमिट करने की अंतिम तिथि 31.12.2025 को शाम 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 05.01.2026 को शाम 5.30 बजे तक तथा ई-निविदा खोलने की तिथि 06.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे निर्धारित की गई है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत, भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 200 केवी सब स्टेशन महेन्द्रगढ़ में प्रोब्लोमेटिक 10/16 एमवीए 132/11 केवी टी-4 ट्रांसफॉर्मर को बदलना। | 02.12.2025 23.12.2025 | रु. 7,48,810/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 200 केवी सब स्टेशन महेन्द्रगढ़ में प्रोब्लोमेटिक 10/16 एमवीए 132/33 केवी टी-2 ट्रांसफॉर्मर को बदलना। | 02.12.2025 24.12.2025 | रु. 6,51,966/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40861/I/88/6 दि. 03.12.25


## शब्द पहेली - 6067




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6066 का हल





# राहुल बोले- मोदी सरकार के पास जाति जनगणना पर ठोस रूपरेखा नहीं नित्यानंद बोले- जनगणना 2027 दो चरणों में होगी, सबके 'सुझाव' लेंगे

## बुधवार को पहली बार लोकसभा में कार्यवाही सुचारू तरीके से शुरू, प्रश्नकाल शांति से चला




तीन पूर्व सांसदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू होने के बाद से बुधवार को पहली बार लोकसभा में प्रश्नकाल की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न हुई। इससे पहले दो दिन तक मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही। बुधवार को लोकसभा की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ने तीन पूर्व सदस्यों- कालीप्रसाद पांडेय (आठवीं लोकसभा में बिहार के गोपालगंज संसदीय क्षेत्र से सदस्य), रामेश्वर डूडी (13वीं लोकसभा में राजस्थान के बीकानेर से सदस्य) और श्याम सुंदर लाल (छठी लोकसभा में राजस्थान के तत्कालीन बयाना संसदीय क्षेत्र से सदस्य) के निधन की सूचना दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन में प्रश्नकाल शुरू हुआ और अश्विनी वैष्णव, प्रह्लाद जोशी, ज्योतिरादित्य सिंधिया और राव इंद्रजीत सिंह समेत केंद्रीय मंत्रियों ने संबंधित पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। शून्यकाल की कार्यवाही भी शांति से शुरू हुई।

बोले राहुल- न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न ही जनता से संवाद


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

### जनगणना का 150 वर्षों से अधिक का इतिहासः नित्यानंद


गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय

राहुल गांधी के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना तथा उसके बाद दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी। आबादी की गणना फरवरी 2027 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की मध्य रात्रि होगी, सिवाय केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके दुर्गम इलाकों को छोड़कर, जहां यह गणना सितंबर 2026 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि होगी। राय ने कहा कि जनगणना का 150 वर्षों से अधिक का इतिहास है। अगली जनगणना के लिए पिछली जनगणनाओं से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखा जाता है। प्रत्येक जनगणना से पहले संबधित हितधारकों से भी सुझाव लिए जाते हैं।

### जाति जनगणना बहुजनों के साथ विश्वासघातः राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि मोदी सरकार के पास जाति जनगणना को लेकर कोई ठोस रूपरेखा और योजना नहीं है और यह देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि संसद में मैंने सरकार से जाति जनगणना पर सवाल पूछा था। उनका जवाब चौंकाने वाला है। न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न ही जनता से संवाद। दूसरे राज्यों की सफल जाति जनगणनाओं की रणनीति से सीखने की कोई इच्छा भी नहीं है। मोदी सरकार की यह जाति जनगणना देश के बहुजनों के साथ खुला विश्वासघात है।

**सरकार से पूछे ये तीन सवाल**

राहलु गांधी ने बुधवार को लोकसभा में लिखित प्रश्न किया था कि दशकीय जनगणना की तैयारी के लिए प्रमुख प्रक्रियात्मक कदमों का ब्यौरा और संभावित समयसीमा क्या है, जिसमें प्रश्नों की तैयारी, कार्यक्रम निर्धारित करना शामिल है? क्या सरकार का जनगणना के सवालों का प्रारूप प्रकाशित करने और इन सवालों पर जनता या जनप्रतिनिधियों से इनपुट लेने का कोई प्रस्ताव है? क्या सरकार अलग-अलग राज्यों में किए गए जाति सर्वेक्षण समेत पिछले अनुभवों पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

### फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतराः वैष्णव



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और आईटी मंत्री वैष्णव लोकसभा में कहा कि फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। एआई जनित डीप फेक वीडियो बनाने वालों और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। सरकार फर्जी खबरों और एआई जनित डीप फेक वीडियो पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम बनाने और इसके लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करने पर काम कर रही है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि 'फर्जी खबरें एक बहुत गंभीर मुद्दा है। जो लोग और तंत्र फर्जी खबरें फैलाते हैं, वे भारतीय कानूनों का पालन नहीं करते हैं।

## केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित



लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पारिता हो गया। इससे पहले विधेयक को पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि चूंकि जीएसटी कानून में अधिकतम कर दर 40 प्रतिशत तय है, इसलिए यदि जीएसटी उपकर हटा दिया जाता है और उत्पाद शुल्क नहीं लगाया जाता है तो तंबाकू पर कुल कर बोझ वर्तमान स्तर से कम हो जाएगा। वहीं, विपक्षी दलों के सांसदों ने कहा कि सरकार को इनके उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए अन्य प्रयास करने होंगे और तंबाकू किसानों का भी ध्यान रखना होगा। शिवसेना के रवींद्र वायकर ने कहा कि यह विधेयक युवाओं को धुएं से बचाने की दिशा में एक 'सर्जिकल स्ट्राइक' है। उन्होंने आग्रह किया कि उपकर से मिलने वाले राजस्व का बड़ा हिस्सा कैंसर अस्पताल और नशा मुक्ति केंद्र बनाने पर खर्च किया जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अरुण गोविल ने कहा कि नशे की लत को कम करने की जरूरत है और यह विधेयक इस दिशा में सहायक होगा।

## दोनों सदनों में गूंजा दिल्ली प्रदूषण का मामला

### पीएम मोदी दें जवाबः हुड्डा

कांग्रेस सांसद और कुछ अन्य सदस्य दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति को लेकर विरोध जताते हुए बुधवार को मॉस्क पहनकर संसद भवन पहुंचे तथा सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। सांसद हुड्डा ने कहा कि हम यहां की जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। हमारी मांग है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और पीएम नरेंद्र मोदी इस पर जवाब देने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब, यूपी, दिल्ली और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों का एक समूह बनाया जाना चाहिए और दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बजट आवंटन के साथ एक विस्तृत योजना बनाई जानी चाहिए।



### यह रोजाना 50 सिगरेट पीने की तरहः सुप्रिया



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति का उल्लेख करते हुए लोकसभा में कहा कि दिल्ली में घूमने का मलतब एक दिन में 50 सिगरेट पीने जैसा है। उन्होंने कहा कि सरकार को वायु प्रदूषण की स्थिति से निपटने के लिए सांसदों का सहयोग लेना चाहिए। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### पराली जलाने की घटनाओं में कमी आईः यादव



दिल्ली के पर्यावरण को सरकार के लिए चिंता का विषय बताते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ लगातार छह बैठकें की हैं। यदि आप 2016 से तुलना करेंगे तो पराली के जलने (की घटनाओं) में 90 प्रतिशत की कमी आई है।

## लोकसभा में संचार साथी एप पर ज्योतिरादित्य सिंधिया की दो टूक

# स्नूपिंग न संभव है, न कभी होगी, यह सेफ उद्धव का दावा- ये पेगासस का ही नया रूप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में संचार साथी एप पर पूछे गए सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संचार साथी एप से स्नूपिंग न संभव है और न ही कभी होगी। सरकार चाहती है कि लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी साधनों से लैस हों। संचार साथी की सफलता और उसका व्यापक उपयोग जनता के भरोसे और सहभागिता का परिणाम है। हम नागरिकों से मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर नियमों में आवश्यक सुधार करने के लिए सदैव तैयार हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ने कहा कि संचार साथी एप को मोबाइल फोन से हटाया जा सकता है और जब तक यूजर रजिस्ट्रेशन नहीं करेगा, तब तक एप चालू नहीं होगा। ऐसा कहकर उन्होंने मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी एप को पहले से इंस्टॉल करने के केंद्र के निर्देश के बाद जासूसी की अटकलों का खंडन किया। लोकसभा में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोबाइल एप पूरी तरह सुरक्षित एप है।

■ सुझावों के आधार पर सुधार करेंगे

रजिस्ट्रेशन के बिना नहीं चलेगा एप

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार चाहती है कि लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी साधनों से लैस हों


केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया



संचार साथी एप

### एप इंस्टाल करना यूजर्स की मर्जी

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एक अरब मोबाइल यूजर्स हैं, लेकिन कुछ लोग मोबाइल का गलत इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों से अपने नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार का कर्तव्य है। संचार साथी पोर्टल साल 2023 में इसी सोच के साथ शुरू किया गया था और अब मोबाइल एप को भी इसी सोच के साथ लाया गया है, लेकिन एप को इस्तेमाल करना या नहीं करना, यूजर की मर्जी होगी। इसे किसी भी अन्य एप की तरह अनइंस्टॉल करके हटा सकते हैं।

### सरकार लोगों की जासूसी करने की तैयारी कर रहीः उद्धव



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि संचार साथी एप असल में पेगासस का ही नया रूप है और भाजपा नेतृत्व वाली सरकार लोगों की जासूसी करने की तैयारी कर रही है। ठाकरे ने दावा किया कि यह एप नागरिकों के फोन में जबरन डालकर उनकी गतिविधियों की निगरानी करने का तरीका है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। आगे कहा कि सरकार लोगों पर अविश्वास दिखाने के बजाय उन सुरक्षा चूकों की जांच करे, जिनके कारण अप्रैल में पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ था जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को यह देखना चाहिए कि आतंकी भारत में कैसे घुस रहे हैं, तब वह नागरिकों के फोन पर नजर रखने में व्यस्त है।

### सरकार से असहमति रखने वाले निशाने पर

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि यह एप नागरिकों की गोपनीयता के अधिकार को पूरी तरह समाप्त कर सकता है। एप के जरिए किसी भी यूजर की रियल-टाइम लोकेशन, सर्च हिस्ट्री, फाइनेंशियल लेन-देन को जाना जा सकता है। साथ ही एसएमएस व वाट्सएप चैट तक की निगरानी संभव है। इससे विपक्षी नेताओं और असहमति रखने वालों को निशाना बनाना आसान हो जाएगा। एप के कारण पासवर्ड, बैंक अकाउंट की जानकारी और निजी डाटा किसी सरकारी एजेंसी या हैकर की पहुंच में आ सकते हैं। उन्होंने तीन प्रश्नों के जवाब मांगे हैं।



### एक दिन में 10 गुना बढ़े डाउनलोड

संचार साथी एप के डाउनलोड का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। मंगलवार को एप को लगभग 6 लाख लोगों ने डाउनलोड किया, जबकि सामान्य दिनों में यह आंकड़ा करीब 60 हजार रहता था। यानी एक दिन में डाउनलोड 10 गुना तक बढ़ गए। पहले ही 1.5 करोड़ लोग संचार साथी एप डाउनलोड कर चुके थे।

## नहीं छिनेगी 32000 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नौकरियांः हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने बुधवार को एकल पीठ के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल में 32,000 प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। इन शिक्षकों की भर्ती 2014 की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के माध्यम से की गई थी। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखने के लिए इच्छुक नहीं है, क्योंकि सभी भर्तियों में अनियमितताएं साबित नहीं हुई हैं।

## टिकट बुकिंग नियमों में बदलाव, काउंटर से तत्काल टिकट के लिए भी ओटीपी जरूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। अब ऑफलाइन रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट लेने वालों के लिए एक ओटीपी-बेस्ड ऑथेंटिकेशन सिस्टम शुरू किया है। यानी अगर आप रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट लेते हैं तो इसके लिए पहले ओटीपी शेयर करनी होगी। इसके जरिए रेलवे, टिकट बुक करने की पूरी प्रक्रिया को ट्रांसपेरेंट और सुरक्षित बनाना चाहता है। 17 नवंबर 2025 से रिजर्वेशन काउंटर पर बुक किए गए तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी सिस्टम का पायलट ट्रायल शुरू किया था।

उत्तर रेलवे

ई. निविदा

खुली निविदा संख्या 43–अम्बाला/2025–26 दिनांक 02/12/2025

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी के खंड में रेल विहार कॉलोनी (चरण–III) में मौजूदा एसटीपी का विस्तार। | 2,81,98,686 | 2,91,000 | 04 महीने | 24/12/2025 |
| 2 | सीनियर डीईएन–II यूएमबी के सेक्शन में 25.396 टी आर आर (एस) और 24.585 टीकेएम के सीटीआर (एस) के संबंध में एडीईएन/बीटीआई और एडीईएन/पीटीए के सेक्शन में गोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर रेल की वेल्डिंग और सीनियर डीईएन II और III के सेक्शन में एमएफबीडब्ल्यूपी के साथ एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर मे लूप लाइन का रूपांतरण। | 4,77,08,135 | 3,88,600 | 18 महीने | 24/12/2025 |

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3736/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)
रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

व्यक्तिगत कौशल प्रबंधन हेतु केन्द्र (सीईपीटीएएम)

"मानवीय क्षमता की जांच, साकार और पहचान"

*डीआरडीओ ज्वाइन करने के लिए और गर्व के साथ राष्ट्र की सेवा करने का स्वर्णिम अवसर*

वरिष्ठ तकनीकी सहायक–बी और तकनीशियन–ए की भर्ती

कुल रिक्तियां : 764

विज्ञापन सं. सीईपीटीएएम–11

सीईपीटीएएम पात्र उम्मीदवारों से वरिष्ठ तकनीकी सहायक–बी और तकनीशियन–ए के पदों हेतु नीचे तालिका में वर्णित अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन आवश्यक रूप से ऑनलाइन मोड में जमा करवाये जाएं।

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतन संरचना (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | आयु सीमा (वर्ष)* | कुल रिक्तियां (सं.) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक–बी (एसटीए–बी) | लेवल–6 (35400 से 112400) | 18–28 | 561 |
| 02. | तकनीशियन–ए (टेक.–ए) | लेवल–2 (19900 से 63200) | 18–28 | 203 |

**आयु में छूट भारत सरकार के मौजूदा नियमों के अनुसार दी जाएगी।*

यह विज्ञापन पूर्णतया सांकेतिक प्रकृति का है अधिक जानकारी हेतु जिसमें महत्वपूर्ण तिथियां, पात्रता मानदंड, आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, चयन प्रक्रिया, पंजीकरण लिंक और अन्य महत्वपूर्ण निर्देश। विज्ञापन का विस्तृत विवरण डीआरडीओ की ऑफिशियल वेबसाइट www.drdo.gov.in पर "भर्ती" के तहत "ऑफरिंग" मीनू में विकल्प के तौर पर दी गई है। आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे दस्तावेजों अर्थात फोटो आईडी आवश्यक योग्यताओं के समर्थन में प्रमाण–पत्र, आरक्षण, छूट इत्यादि के सम्बन्ध में तैयार रहें। यह आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

विस्तृत विज्ञापन डीआरडीओ की ऑफिशियल वेबसाइट www.drdo.gov.in पर उपलब्ध होगा।

आवेदन करने के लिए ऑनलाइन लिंक अस्थाई रूप से 09 दिसम्बर 2025 को डीआरडीओ की वेबसाइट पर एक्टिव होगा।

*सभी इच्छुक उम्मीदवारों से आग्रह है कि वे अपडेट्स के लिए वेबसाइट को फोलो करें।*

सीबीसी 10301/11/0120/2526

## दिल्ली दंगा मामले में आरोपियों के वकील को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# 15 मिनट में बात खत्म कीजिए, मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी है, इसलिए अब समय सीमा तय की जा रही है। अदालत ने आरोपियों के वकीलों से कहा कि वे अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट में सीमित रखें। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजरिया की पीठ ने कहा कि आरोपियों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की तरफ से की जाने वाली सफाई या जवाब 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। अगली सुनवाई 9 दिसंबर के लिए तय की है।

मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी

जमानत का दिल्ली पुलिस ने किया विरोध

### आरोपियों के स्थाई पते जमा करने का भी निर्देश


सुप्रीम कोर्ट

इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के वकीलों को उनके स्थायी पते जमा करने का भी निर्देश दिया। इस सुनवाई के दौरान कार्यकर्ता शरजील इमाम की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि उनके मुवक्किल को बिना ट्रायल और बिना किसी दोषसिद्धि के 'खतरनाक आतंकी' बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इमाम 28 जनवरी 2020 को गिरफ्तार हुए थे, यानी दंगे होने से पहले।

### दंगे के दौरान दिल्ली में नहीं था खालिदः सिब्बल

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने उमर खालिद की तरफ से कहा कि दंगे के दौरान उनका मुवक्किल दिल्ली में मौजूद ही नहीं था। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आरोपी गल्फिशा फातिमा लगभग 6 साल से जेल में है।

### आरोपी दंगों के मुख्य साजिशकर्ताः दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस ने इन सभी की जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2020 के दंगे अचानक नहीं हुए थे, बल्कि यह एक योजनाबद्ध साजिश थी। इनको यूएपीए और आईपीसी के तहत इसलिए गिरफ्तार किया।

### डीयू के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस द्वारा मौके पर की गई सघन तलाशी में किसी भी प्रकार का कोई संदिग्ध उपकरण या वस्तु नहीं मिली। दिल्ली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली रामजस कॉलेज और देशबंधु कॉलेज को आज ईमेल से बम की धमकी मिली थी। बम स्क्वाड और दिल्ली पुलिस मौके पर हैं। फिलहाल, अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## चिंतन

# पुतिन का भारत दौरा ट्रंप को कड़ा संदेश

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार से दो द्विवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। उनकी यह यात्रा कई मायनों में काफी अहम मानी जा रही है। उनका यह दौरा जहां यूक्रेन युद्ध और एशिया में शक्ति संतुलन के लिए खास माना जा रहा है, वहीं यह एक तरह से अमेरिका को भी कड़ा संदेश है। चूंकि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को ज्यादा तवज्जो दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ असीम मुनीर से व्हाइट हाउस में मुलाकात कर चुके हैं, जबकि भारत को लेकर ट्रंप की तरफ से हमेशा नकारात्मक बयान ही सामने आ रहे हैं। हाल ही में ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर 50 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया था, जो अमेरिका के किसी भी देश पर लगाए गए टैरिफ में सबसे ज्यादा है। वहीं, भारत रूस से तेल न खरीदे, इसके लिए भी दबाव बनाया गया। ऐसे समय में पुतिन की भारत यात्रा को अमेरिका के लिए जवाब के तौर भी देखा जा रहा है। पुतिन के दौरे को देखते हुए राजधानी दिल्ली हाईअलर्ट पर है। दूसरी तरफ, पुतिन के आने से पहले ही भारत को एक खुशखबरी देते हुए रूस की संसद के निचले सदन स्टेट डूमा ने भारत के साथ हुए महत्वपूर्ण सैन्य समझौते रेसिप्रोकल सपोर्ट ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट (आरईएलओएस) को भी मंजूरी दे दी। यह निर्णय राष्ट्रपति की होने वाली नई दिल्ली यात्रा से ठीक पहले लिया गया है, जिसे द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। भारत और रूस के संबंधों का अपना एक इतिहास है। 1971 की भारत–सोवियत मैत्री संधि दोनों देशों की दोस्ती का सबसे बड़ा उदाहरण है। इतना ही नहीं, रूस ने हमेशा से ही भारत को सैन्य तकनीक और हथियार देने में संकोच नहीं किया। रूस ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में सहयोग तो किया ही है, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी बेहद अहम है। दुनिया बदली है, दोस्त बदले हैं लेकिन भारत और रूस के बीच पुराने कूटनीतिक रिश्तों का भरोसा आज भी साफ नजर आता है। पुतिन की यात्रा के दौरान भारत-रूस के बीच ब्रह्मोस के नए वेरिएंट पर समझौते के साथ-साथ एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम पर भी चर्चा संभव है। दोनों देश नए हेलीकॉप्टर, फाइटर जेट, परमाणु ऊर्जा, चिप्स, आईटी, साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर भी समझौते कर सकते हैं। रूस और भारत के संबंध आजमाए और परखे हुए हैं। कई मौकों पर रूस भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। बदलते वक्त के दौर में भी भारत और रूस एक-दूसरे के बेहद करीब आए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कुछ माह पहले रूस की यात्रा की थी। इस दौरान पुतिन के साथ उनकी गजब केमिस्ट्री देखने को मिली थी। मोदी ने उन्हें अपना सबसे करीबी दोस्त बताया था। रक्षा से लेकर व्यापार, स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप तक में दोनों देश हमेशा एक-दूसरे के साथ रहे हैं। पुतिन का भारत आना इस रिश्ते की और मजबूती का संकेत देता है। उनकी यात्रा से संदेश साफ है कि रूस आज भी एशिया में अपने सबसे पुराने दोस्त के साथ मजबूती के साथ खड़ा है और संबंधों को गहरा करना चाहता है। यह समय ऐसा है जब पश्चिमी देशों के साथ रूस के संबंध सामान्य नहीं कहे जा सकते हैं। ऐसे समय में एशिया और उसमें भी खासकर भारत-रूस की दोस्ती का महत्व और भी बढ़ जाता है।



सिपरी रिपोर्ट
सुनील कुमार महला

# हथियारों की होड़ से मानवता पर खतरा

आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है, बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदता है, ताकि अपनी सीमाओं की रक्षा कर सके, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सके और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सके, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है, जोकि ठीक नहीं है। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वास्तव में, आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है , बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदता है, ताकि वह अपनी सीमाओं की रक्षा कर सके, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सके और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सके, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है,जोकि ठीक नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हथियारों पर होने वाला भारी खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पानी, जलवायु संरक्षण और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों से धन को खींच लेता है, और इसका असर कहीं न कहीं देश के विकास और अर्थव्यवस्था व इसके निवासियों पर भी पड़ता है। क्या यह बड़ी बात नहीं है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली व संपन्न देश इसका इस्तेमाल अपने आर्थिक लाभ, वैश्विक प्रभाव दिखाने और उद्योगों में बढ़त के लिए करते हैं, जबकि छोटे देश किसी दबाव में आकर या सुरक्षा के डर से हथियारों की इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।

इसका नतीजा यह है कि दुनिया एक ऐसी दिशा में बढ़ रही है, जहां भरोसा कम और अविश्वास ज्यादा है। वास्तव में, यह बात ठीक है कि हथियार किसी देश को सुरक्षा दे सकते हैं, लेकिन स्थायी शांति नहीं। असली सुरक्षा संवाद, विश्वास, सहयोग और संतुलित विकास से मिलती है, न कि विनाशकारी हथियारों की बढ़ती संख्या से। वास्तव में, यह इसलिए दुनिया का खतरनाक कदम है, क्योंकि यह मानवता को सुरक्षा नहीं, बल्कि असुरक्षा की ओर धकेल रहा है। हथियारों की होड़ अंततः दुनिया में असंतुलन पैदा करती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। सरल शब्दों में कहें तो दुनिया भर में हथियारों की खरीद-फरोख्त लगातार बढ़ रही है, और यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि कई देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। कहीं सीमा विवाद है, कहीं शक्ति दिखाने की होड़, तो कहीं सुरक्षा का डर। दुनिया में इस समय कई देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। एशिया में भारत-चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद बना हुआ है, जो समय-समय पर सैनिक तैनाती और गश्त के कारण फिर उभर जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहते हैं और कूटनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव चलता रहता है। चीन-ताइवान के बीच स्थिति सबसे संवेदनशील है, जहां चीन ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए सैन्य अभ्यास और शक्ति-प्रदर्शन कर रहा है, जबकि ताइवान अपनी रक्षा क्षमता बढ़ा रहा है। ईरान-इज़राइल के बीच हमलों और जवाबी हमलों के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ी हुई है। वहीं आर्मेनिया-अज़रबैजान के बीच नगार्नो-काराबाख को लेकर पुराना सीमा विवाद अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ। मध्य एशिया में भी अफगानिस्तान की सीमा को लेकर ताजिकिस्तान और रूस मिलकर सुरक्षा मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इधर, रूस-यूक्रेन तनाव आज भी बेहद गंभीर रूप में बना हुआ है। हाल की शांति-वार्ताएं भी किसी नतीजे पर नहीं पहुँच पाई हैं, क्योंकि रूस अपनी



शर्तों पर अड़ा है और पश्चिमी देश यूक्रेन की संप्रभुता पर समझौता नहीं करना चाहते। इसी बीच मिसाइल हमलों, भू-भाग पर कब्जे की कोशिशों और कूटनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। यह संघर्ष न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर असर डाल रहा है।

कुल मिलाकर, सीमा विवादों, सैन्य तैयारियों, शक्ति दिखाने की होड़ और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने कई क्षेत्रों को बेहद संवेदनशील और अस्थिर बना दिया है। यही कारण है कि आज विभिन्न देश आधुनिक और महंगे हथियार खरीदने में बड़ी रकम लगा रहे हैं। इससे हथियार बनाने वाली कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन दुनिया के लिए खतरे भी बढ़ रहे हैं। समस्या यह है कि जितने ज्यादा हथियार जुटाए जाते हैं, उतनी ही ज्यादा टकराव या युद्ध की आशंका पैदा होती है। साथ ही सरकारों का पैसा रक्षा खरीद में खर्च होने लगता है, जिससे जरूरी क्षेत्रों पर कम ध्यान जाता है। यानी सुरक्षा के नाम पर खर्च तो बढ़ता है, लेकिन असुरक्षा भी कम नहीं होती। रिपोर्ट हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हथियारों पर बढ़ती निर्भरता वास्तव में शांति लाएगी या दुनिया को और ज्यादा तनाव और खतरे की ओर धकेल देगी। सरल शब्दों में कहें तो दुनिया की सबसे बड़ी 100 हथियार बनाने वाली कंपनियों ने पिछले साल से लगभग 6% ज्यादा पैसा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हाल के समय में कई जगह लड़ाइयां और तनाव लगातार बढ़े हैं, जैसे यूक्रेन युद्ध और गाजा संघर्ष। जब कहीं युद्ध होता है या किसी देश को खतरा महसूस होता है, तो वे अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए ज्यादा हथियार खरीदते हैं।

इसी वजह से हथियारों की मांग तेजी से बढ़ गई और कंपनियों की बिक्री भी बढ़ी। जितना ज्यादा तनाव और युद्ध, उतनी ही ज्यादा हथियारों की खरीद, और उतनी ही ज्यादा कंपनियों की कमाई। सिपरी की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी रक्षा कंपनियों ने 2024 में कुल 679 अरब डॉलर कमाए, जो यह दिखाता है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और तनाव अब एक भारी-भरकम कारोबार बन चुके हैं। यूक्रेन, गाजा और पूर्वी एशिया में बढ़ते संघर्षों ने हथियारों की मांग को तेजी से बढ़ाया है, जिसके चलते युद्धों का व्यावसायीकरण और कॉरपोरेट कंपनियों की भूमिका और मजबूत हो रही है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि पश्चिम एशिया अब एक नया हथियार उत्पादक क्षेत्र बनकर उभर रहा है, जिससे वैश्विक सैन्य उत्पादन में विविधता आई है। भारत की तीन कंपनियां क्रमशः हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स भी इस सूची में शामिल हैं, और घरेलू मांग के कारण इनकी संयुक्त आयुध कमाई 8.2 प्रतिशत बढ़कर 7.5 अरब डॉलर हो गई है। सिपरी का आकलन बताता है कि भविष्य में हथियारों की बिक्री और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय तनाव कम होने के बजाय बढ़ रहा है, और देश ड्रोन व अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों पर भारी निवेश कर रहे हैं। यह बढ़ती सैन्य होड़ न केवल शांति के लिए खतरा है, बल्कि विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संसाधन हटाकर वैश्विक असमानताओं, भुखमरी, जलवायु संकट और अस्थिरता को भी बढ़ावा दे रही है। युद्धों और संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापन, अकाल और मानवीय त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज युद्धों और संघर्षों के कारण दुनिया भर में लाखों लोग अपने घर, जमीन और रोज़गार से बेदखल हो रहे हैं। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट यह संकेत देती है कि विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

नौसेना दिवस
आरके जैन



# सफेद वर्दी में चमकता है भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान

जब समुद्र की लहरें तेज़ी से उठती हैं और युद्धपोतों की गड़गड़ाहट आसमान तक गूंजती है, तब पूरा भारत गर्व से भर उठता है-यही है नौसेना दिवस की सच्ची शक्ति। 4 दिसंबर का यह खास दिन वह पल है जब देश अपने समुद्री वीरों को दिल से सलाम करता है। यह कोई साधारण तारीख नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध की वह यादगार रात है जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐसा वार किया कि दुश्मन संभल ही नहीं पाया। ऑपरेशन ट्राइडेंट, जिसका नाम सुनते ही रोमांच दौड़ जाए। पहली बार किसी एशियाई देश ने एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया, चार पाकिस्तानी जहाज़ डूब गए, कराची का बंदरगाह जल उठा और उनकी नौसेना बिखरकर रह गई। यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि समुद्री युद्ध के इतिहास में लिखा गया एक चमकता हुआ अध्याय था। तभी से 4 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस के रूप में पूरे देश में गर्व के साथ मनाया जाता है। लेकिन यह दिन सिर्फ इतिहास की वीरगाथा नहीं सुनाता, यह वर्तमान की ताकत और भविष्य की तैयारी का भी प्रमाण है। भारतीय नौसेना आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे सक्षम नौसेनाओं में शुमार है। 67000 से ज्यादा जांबाज़ सैनिक, 150 से अधिक युद्धपोत, 250 से भी अधिक विमान और पनडुब्बियां- ये सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की संप्रभुता का दस्तावेज़ है। देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत जब समुद्र में उतरा, तब पूरी दुनिया ने देखा कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, बल्कि खुद अपनी शक्ति गढ़ने वाला राष्ट्र है। वहीं, आईएनएस अरिहंत ने जब परमाणु त्रिशूल पूरा किया, तो बड़े-बड़े देश भी भारत की क्षमता के आगे गंभीर हो गए। बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस यह पनडुब्बी दुश्मन के लिए साफ संदेश है। भारत की ओर आंख उठाई, तो कीमत भी चुकानी पड़ेगी और जवाब भी ऐसा मिलेगा कि याद रखना मुश्किल हो जाएगा। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना आज सिर्फ रक्षक नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का संतुलन संभालने वाली शक्ति है। मालदीव संकट में जब ऑपरेशन कैक्टस चला, श्रीलंका में आईपीकेएफ के दौरान जब नौसेना ने मानवीय मदद पहुंचाई, सुनामी की तबाही में जब हजारों जानें बचाईं, और हाल ही में ऑपरेशन राहत व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित घर लाया गया, हर बार नौसेना ने साबित किया कि उसकी ज़िम्मेदारी केवल समुद्र की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उसकी पहुंच वहां तक है, जहां तक भारत का एक भी नागरिक मौजूद है, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। क्वाड का मजबूत सदस्य बनकर, मालाबार अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कदम मिलाकर, फ्रांस के साथ वरुण अभ्यास में अपनी क्षमता दिखाकर, और रूस के साथ इंड्रा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेकर भारत ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है, हिंद महासागर में दबाव, धमकी या दादागिरी नहीं चलेगी। आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस चक्र, ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट्स और पी-8 आई पोसाइडन विमान सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और समुद्री शक्ति के चमकते प्रतीक हैं। लेकिन नौसेना की सच्ची शक्ति उसके लोहे के जहाज़ों में नहीं, बल्कि उन सफेद वर्दी वाले वीरों में बसती है। वे ही हैं जो महीनों अपने परिवार से दूर रहते हैं; जब तूफान जहाज़ को झकझोरता है, नीचे अथाह समुद्र और ऊपर दुश्मन की नज़र होती है, फिर भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वे समुद्र की गोद में रातें काटते हैं, ताकि करोड़ों भारतीय चैन से सो सकें। उनकी आँखों में गहराई है, दिल में देशभक्ति की गर्मी और हाथों में अजेय साहस। और उनके पीछे खड़ी होती हैं वे माएँ जो बेटे के जहाज़ पर चढ़ते ही आशीर्वाद देती हैं, वे पत्नियां जो हर तूफान में प्रार्थना करती हैं, वे बच्चे जो दिन गिनते रहते हैं। यही मौन शक्ति नौसेना को अपराजेय बनाती है। हर साल नौसेना दिवस पर जब गेटवे ऑफ इंडिया के सामने जहाज़ सलामी देते हैं, जब मिग-29 के आसमान को चीरते हुए दहाड़ते हैं, जब काले परिधान में मार्कोस कमांडो अपने रोमांचक करतब दिखाते हैं, तब हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। पर यह गर्व सिर्फ उस पल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि यह नीली सीमा हमें यूं ही नहीं मिली, इसे वीरों ने अपने जीवन से सुरक्षित किया है। यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का पल है। इस नौसेना दिवस पर हमें केवल ताली बजाकर आगे नहीं बढ़ जाना चाहिए। हमें अपने बच्चों को उन जांबाज़ों की गाथाएं सुनानी चाहिए, जिनकी सफेद वर्दी में भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान चमकता है। जय हिंद। जय भारतीय नौसेना।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## अच्छी बातों को याद कर जीवन में उतारें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों को पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### ममता का सार्वजनिक अपमान

हाल ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में वृद्धाश्रम में रह रही शोभा देवी के निधन के बाद जब बेटे को सूचना दी गई, तो उसने मां का शव लेने से साफ इनकार कर दिया। बेटे ने कहा कि घर में शादी है। शव आने से अपशगुन होगा। फ्रीजर में रखवा दीजिए, बाद में देख लेंगे। घंटों तक मां का पार्थिव शरीर वृद्धाश्रम में ही पड़ा रहा। अंततः प्रशासन ने हस्तक्षेप कर अंतिम संस्कार करवाया। इस घटना ने मां के जीवन भर के त्याग, ममता, समर्पण और प्रेम का मानो सार्वजनिक अपमान कर दिया। यह प्रसंग केवल एक परिवार की असफलता नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर लगा सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है। यह घटना दिखाती है कि कैसे आज की भागदौड़ और दिखावे की जिंदगी में बुजुर्गों को बोझ समझने की मानसिकता बढ़ रही है।

*– संजय पाठक, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### भारत की गहरी समझ रखने वाला युवा नेतृत्व होगा तैयार



सिंगापुर में 'कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यंग इंडियन चैप्टर (सीआईआई वाईआई) ने कहा है कि उसका लक्ष्य हर वर्ष 300 युवाओं को छात्र विनियम कार्यक्रम में शामिल करना है ताकि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वालों का नया नेतृत्व तैयार किया जा सके। सीआईआई वाईआई के चेयरमैन मोहम्मद इरशाद ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। इससे एक दिन पहले सिंगापुर में पहला 'वाईआई – भारत सिंगापुर युवा सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इरशाद ने कहा, 'भारत और सिंगापुर के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए हमें भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की गहरी समझ विकसित करनी होगी।' सिंगापुर फिलहाल भारत का सबसे बड़ा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) केंद्र है। इरशाद (36) ने कहा, 'अब तक सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के 40 छात्र 'इंडिया टैलेंट रीड प्रोग्राम' समेत विभिन्न विनिमय कार्यक्रमों के तहत भारत जा चुके हैं। ये कार्यक्रम सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय, सरकारी एजेंसी 'एंटरप्राइज सिंगापुर' और राष्ट्रीय युवा परिषद के सहयोग से चलाए गए।

## ऑफ बीट

### धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

## ट्रेंड

### कांग्रेस को सद्बुद्धि मिले



कांग्रेस की उम्र 140 साल हो गई है, लेकिन व्यवहार बच्चों और नाबालिगों की तरह कर रही है। एसआईआर पर तो बिहार की जनता पहले ही जवाब दे चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या कांग्रेस घुसपैठियों को बचाना चाहती है? जनता के मुद्दों से सरोकार नहीं है। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### सेवा की निरंतर साधना



मोदी सरकार के 11 वर्ष सत्ता से नहीं, सेवा की निरंतर साधना से चिन्हित रहे हैं। प्रधानमंत्री का 'प्रधानसेवक' भाव इस यात्रा का आधार है। इसी कड़ी में उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा तीर्थ' की भावना से जोड़ा है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### अभिव्यक्ति की आज़ादी



जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आज़ादी तो पहले ही छिनी जा रही थी अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, की आपसी बातचीत पर भी उनकी गिद्ध निगाह लग जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### जन-केंद्रित कदम



राजभवन, झारखंड का नाम बदलकर अब 'लोक भवन, झारखंड' कर दिया गया है। हम झारखंड की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। यह झारखंड के लिए एक सकारात्मक और जन-केंद्रित कदम है।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



## विराट और ऋतुराज ने तोड़ा सचिन और कार्तिक का रिकॉर्ड

विराट और ऋतुराज के बीच ये साझेदारी भारत की तरफ से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर और दिनेश कार्तिक के नाम था। इन दोनों प्लेयर्स के बीच साल 2010 में ग्वालियर में खेले गए मैच में 194 रन की पार्टनरशिप हुई थी। अब विराट और गायकवाड़ ने मिलकर उनका ये 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। आपको बता दें कि 2010 में ग्वालियर में खेले गए उस मैच में सचिन तेंदुलकर ने दोहरा शतक लगाया था।

### सा.अ. के खिलाफ सबसे ज्यादा शतकीय पारियां खेलने वाले खिलाड़ी

- सचिन तेंदुलकर - 12 शतक
- विराट कोहली - 10 शतक
- रिकी पोंटिंग - 10 शतक
- डेविड वॉर्नर - 10 शतक
- केन विलियमसन - 10 शतक

### भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी करने वाले बल्लेबाज

- 195 - विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़, रायपुर, 2025
- 194 - सचिन तेंदुलकर और दिनेश कार्तिक, ग्वालियर, 2010
- 193 - सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली, जोहान्सबर्ग, 2001

'किंग कोहली' का जलवा, सिक्स लगाकर खोला खाता, लगातार जड़ा दूसरा शतक

# टीम इंडिया ने दिल जीता, मैच हारी, अफ्रीका ने चार विकेट से हराकर सीरीज बराबर की

भाषा ⏭ रायपुर

सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम के शतक के बाद मैथ्यू ब्रीट्जके और डेवाल्ड ब्रेविस के अर्धशतक से दक्षिण अफ्रीका ने विराट कोहली और रुतुराज गायकवाड़ शतकों पर पानी फेरते हुए भारत को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत के 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने मारक्रम की 98 गेंद में 10 चौकों और चार छक्कों से 110 रन की पारी और ब्रीट्जके (68 रन, 64 गेंद, पांच चौके) तथा ब्रेविस (54 रन, 34 गेंद, पांच छक्के, एक चौका) के अर्धशतक से 49.2 ओवर में छह विकेट पर 262 रन बनाकर जीत दर्ज की। यह विदेशी सरजमीं पर लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी जीत है जबकि भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भी टीम की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने भी इससे पहले भारत के खिलाफ 359 रन के लक्ष्य को हासिल किया था। ब्रीट्जके और ब्रेविस ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 92 रन की आक्रामक साझेदारी भी की जबकि मारक्रम ने कप्तान तेम्बा बावुमा (46) के साथ दूसरे विकेट के लिए 101 और ब्रीट्जके के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। कोहली (102 रन, 93 गेंद, सात चौके, दो छक्के) ने इससे पहले रिकॉर्ड में सुधार करने वाला 53वां और लगातार दूसरा शतक जड़ने के अलावा गायकवाड़ (105 रन, 83 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 195 रन की सझेदारी भी की जिससे भारत ने पांच विकेट पर 358 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।




### घर पर कोहली का 40वां शतक

विराट कोहली ने इसी के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में घर पर 40 शतक पूरे कर लिए हैं। वो अब सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। 37 साल का खिलाड़ी अगर 2027 तक वनडे क्रिकेट खेलता है तो उनके पास सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का शानदार मौका होगा। सचिन तेंदुलकर के घर पर कुल 42 शतक और विराट कोहली उनकी बराबरी करने से अब सिर्फ 2 शतक और उन्हें पीछा छोड़ने से सिर्फ 3 शतक दूर हैं।

### कोहली ने की रिकी पोंटिंग और केन विलियमसन की बराबरी

विराट कोहली का साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभी तक तीनों ही फॉर्मेट में शानदार रिकॉर्ड देखने को मिला है, जिसमें ये उनका इंटरनेशनल क्रिकेट में अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अब तक का 10वां शतक है। कोहली ने इस लिस्ट में अब रिकी पोंटिंग, डेविड वॉर्नर और केन विलियमसन की बराबरी कर ली है, जिसमें तीनों ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट को मिलाकर 10 शतकीय पारियां खेली हैं, वहीं कोहली अब इन तीनों के बराबर पहुंच गए हैं, जिसमें वह लिस्ट में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

### रोहित 14 रन में ही रच दिया इतिहास

दरअसल, रोहित शर्मा को पहले 4 ओवर में सिर्फ 3 गेंद खेलने का मौका मिला और 2 रन बनाए। हालांकि, अगले ही ओवर में रोहित ने चौकों की हैट्रिक जड़ते हुए कमाल कर दिया। रोहित ने इन चौकों की मदद से घर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में 9 हजार रन पूरे कर लिए। इस मैच से पहले रोहित को 9 हजार रन के आंकड़ें को छूने के लिए सिर्फ 9 रनों की दरकार थी। अब रोहित घर में 9 हजार रन बनाने वाले महज चौथे भारतीय बन गए हैं।

### ऋतुराज ने जड़ा वनडे का पहला शतक

ऋतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में 77 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। वह भारत की तरफ से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज युसूफ पठान हैं। युसूफ ने साल 2011 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 68 गेंदों में शतक लगाया था। उनका ये रिकॉर्ड अभी तक कोई नहीं तोड़ पाया है। ऋतुराज के लिए यह उनके वनडे करियर का पहला शतक है।

### भारत

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का बॉश बो यानसेन | 22 |
| रोहित शर्मा का डिकॉक बो बर्गर | 14 |
| कोहली का मारक्रम बो एनगिडी | 102 |
| गायकवाड़ का डिजॉर्जी बो यानसेन | 105 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 66 |
| वाशिंगटन सुंदर रन आउट | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 |
| **अतिरिक्त:** | 24 |

**कुल:** 50 ओवर में पांच विकेट पर: 358 रन
**विकेट पतन:** 1-40, 2-62, 3-257, 4-284, 5-289
**गेंदबाजी:** बर्गर 6.1-0-43-1, एनगिडी 10-1-51-1, यानसेन 10-0-63-2, महाराज 10-0-70-0, बॉश 8-0-79-0, मारक्रम 5.5-0-48-0

### दक्षिण अफ्रीका

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का गायकवाड़ बो हर्षित | 110 |
| डिकॉक का वाशिंगटन बो अर्शदीप | 08 |
| तेम्बा बावुमा का हर्षित बो प्रसिद्ध | 46 |
| मैथ्यू ब्रीट्जके पगबाधा बो कृष्णा | 68 |
| ब्रेविस का जायसवाल बो कुलदीप | 54 |
| टॉनी डिजॉर्जी रिटायर्ड हर्ट | 17 |
| यानसेन का गायकवाड़ को अर्शदीप | 02 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 29 |
| केशव महाराज नाबाद | 10 |
| अतिरिक्त: | 18 |

**कुल:** 49.2 ओवर में छह विकेट पर: 362 रन
**विकेट पतन:** 1-26, 2-127, 3-197, 4-289, 5-317, 6-322
**गेंदबाजी:** अर्शदीप 10-0-54-2, हर्षित 10-0-70-1, प्रसिद्ध 8.2-0-85-2, वाशिंगटन 4-0-28-0, जडेजा 7-0-41-0, कुलदीप 10-0-78-1

## खबर संक्षेप

### मैं वापसी नहीं कर रही हूं : सेरेना विलियम्स



**न्यूयॉर्क।** सेरेना विलियम्स ने इन खबरों का खंडन किया है कि वह टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 'वापस नहीं कर रही हैं।' इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के प्रवक्ता ने कहा कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने खेल के ड्रग परीक्षण निकाय के साथ पंजीकरण कराया है। इसके बाद ही उनकी वापसी को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। संन्यास ले चुके किसी भी खिलाड़ी को वापसी करने के लिए सबसे पहले डोप परीक्षण के लिए पंजीकरण करना होता है।

### डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को चार विकेट से हराया



**दुबई।** डेजर्ट वाइपर्स ने विश्व आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में गत चैंपियन दुबई कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। दुबई कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 150 रन बनाए। उसकी तरफ से रोवमैन पावेल ने 39 और मोहम्मद नबी ने 29 रन का योगदान दिया। वाइपर्स की तरफ से नूर अहमद, डेविड पाइने और खुजैमा तनवीर ने दो-दो विकेट लिए। वाइपर्स ने एंड्रीस गौस के अर्धशतक की मदद से 19 ओवर में छह विकेट पर 151 रन बनाकर जीत हासिल की।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे गिल, उपकप्तानी भी मिली

**रायपुर।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट से उबर गए हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए उप कप्तान के रूप में टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने यह जानकारी दी। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह गुवाहाटी में खेले गए दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए।

- 5 मैच की टी20 श्रृंखला 9 दिसंबर से कटक में होगी शुरू

बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'गिल पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया है। वह उप कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।'



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैच की टी20 श्रृंखला 9 दिसंबर से कटक में शुरू होगी। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिट होकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों 1की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल हुए।

### सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया खेलेंगी सीरीज

इसके लिए टीम का चयन करने के लिए बुधवार को यहां चयन समिति की बैठक हुई। सूर्यकुमार यादव भारत के नियमित टी20 कप्तान हैं। सूत्र ने उन रिपोर्टों का भी खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि बोर्ड के अधिकारी सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए बैठक करने की योजना बना रहे हैं। रोहित 38 वर्ष और कोहली 37 वर्ष के हैं और अब वे राष्ट्रीय टीम के लिए केवल एकदिवसीय प्रारुप में खेलते हैं। इसको लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या वे 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेल पाएंगे। गंभीर और राष्ट्रीय चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने इस संभावना पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

## ब्रूइस के खिलाफ आक्रामक बर्ताव पर आईसीसी ने राणा को लगाई फटकार

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा को फटकार लगाई और रांची में पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद उनके आक्रामक बर्ताव के लिए एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ दिया। आईसीसी ने कहा, 'राणा को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया।' यह घटना रविवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर में हुई जब भारत के तेज गेंदबाज ने ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा किया, जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया दे सकता था। राणा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसका अपमान करने वाली भाषा, एक्शन या इशारे करने या आक्रामक प्रतिक्रिया देने से जुड़ा है। आईसीसी के बयान में कहा गया, 'इसके अलावा राणा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है और उनकी यह 24 महीने के समय में पहली गलती थी।



# शाई का अर्धशतक बेकार, न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर 96 रन की बढ़त

**क्राइस्टचर्च।** शाई होप ने आंखों में संक्रमण के कारण धूप का चश्मा पहनकर बल्लेबाजी की, लेकिन उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से देखा और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट अर्धशतक लगाया लेकिन इसके बावजूद वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए और इस तरह से उसने 64 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 96 रन की हो गई है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कप्तान टॉम लैथम 14 और डेवोन कॉनवे 15 रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 231 रन से आगे शुरू की लेकिन वह इसमें एक रन भी नहीं जोड़ पाया और दिन की तीसरी गेंद पर ही उसकी पारी समाप्त हो गई। इसके बाद जैकब डफी ने 34 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय छह विकेट पर 157 रन था लेकिन उसने अपने बाकी विकेट केवल 10 रन के अंदर गंवा दिए। यह चारों विकेट डफी ने लिए और इस तरह से अपने टेस्ट करियर में पहली बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। वेस्टइंडीज के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। होप (56) के अलावा सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल (52) ने भी अर्धशतक लगाया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की।




# गाबा में अपना विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ⏭ ब्रिस्बेन

पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद उत्साह से भरी ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

इंग्लैंड ने 1986 के बाद से गाबा में कोई एशेज टेस्ट नहीं जीता है। वह 2010-11 श्रृंखला के बाद से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपनी पहली जीत हासिल करने की तलाश में भी है। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा है लेकिन वह इस बात को भूल नहीं सकता कि वह पिछले साल जनवरी में गाबा में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार गया था। गाबा ऐसा मैदान है, जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम दशकों से लगभग अपराजेय रही है।



### आंखों के नीचे काली पट्टी बांधकर खेलेंगे स्टीव स्मिथ

पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ इस मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और इसलिए उन्होंने अपनी आंखों के नीचे काली पट्टी बांधने का फैसला किया है ताकि वह दूधिया रोशनी में अच्छी तरह से बल्लेबाजी कर सकें। उन्होंने इसके लिए बाकायदा वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपाल से सलाह भी ली है। चंद्रपाल अक्सर आंखों के नीचे काली पट्टी लगाकर खेला करते थे। आमतौर पर दूधिया रोशनी में खेलने वाले फुटबॉलरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली काली पट्टियां स्मिथ की इस कोशिश का हिस्सा हैं कि वे बदलती रोशनी में इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण का गुलाबी गेंद से अच्छी तरह से सामना कर सकें।

आईसीसी वनडे रैंकिंग

# विराट ने लगाई छलांग, पहुंचे चौथे स्थान पर, गिल को नुकसान

एजेंसी ⏭ दुबई

विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में मैच विजयी शतकीय पारी की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 120 गेंद में 135 रन की पारी खेली, जो 50 ओवर के प्रारुप में उनका 52वां शतक था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की। सैंतीस साल के कोहली के अब 751 रैंकिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर बरकरार पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (783), न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (766) और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764) से पीछे हैं।



कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से छठे पायदान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि गिल एक स्थान के नुकसान ने 12वें पायदान पर हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी 12वें से 14वें स्थान पर खिसक गए हैं।

### कोहली ने गिल को पीछे छोड़ा

कोहली ने भारत के एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़ा जो गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की मौजूदा श्रृंखला से बाहर होने के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गए।

भारत के सीमित ओवरों के मुकाबलों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी चोट से उबर रहे श्रेयस अय्यर नौवें स्थान पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर



### 879 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार बुमराह

टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 879 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी (846) पर 33 अंक की बढ़त बना रखी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की टेस्ट श्रृंखला में कमजोर प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 11वें से 13वें जबकि कुलदीप 13वें से 15वें स्थान पर खिसक गए। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है।

प्रीमियर लीग

# एर्लिंग हॉलैंड ने बनाया रिकॉर्ड 111वें मैच में दागा 100वां गोल




**लंदन।** एर्लिंग हॉलैंड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम मैच में 100 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम की अच्छी वापसी के बावजूद 5-4 से जीत दर्ज की। हालैंड ने खेल के 17वें मिनट में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल करके गोल का शतक पूरा किया। यह उनका प्रीमियर लीग में 111वां मैच था और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम मैच में 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज एलन शीयर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 124 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैनचेस्टर सिटी की टीम ने एक समय 5-1 से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद फुलहम ने शानदार वापसी की। वह इंजरी टाइम में बराबरी का गोल करने की करीब पहुंच गया था लेकिन जोश किंग का प्रयास विफल हो गया।

महिला नेशंस लीग

# 56 हजार दर्शक मौजूदगी में स्पेन ने जर्मनी को हराया




**मैड्रिड।** क्लाउडिया पिना के दो गोल की बदौलत स्पेन ने महिला नेशंस लीग के फाइनल के दूसरे चरण में जर्मनी को 3-0 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। एटलेटिको मैड्रिड के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लगभग 56 हजार दर्शक मौजूद थे, जो घरेलू मैदान पर स्पेनिश टीम के लिए एक रिकॉर्ड है। इन दोनों टीम के बीच फाइनल का पहला चरण गोलरहित बराबरी पर छूटा था। इस कारण दोनों टीम के लिए दूसरे चरण का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। स्पेन ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बना दिया था। उसकी तरफ से पिना के अलावा विक्की लोपेज ने भी गोल किया। स्पेन की टीम इस मैच में तीन बार की बैलन डीओर विजेता ऐताना बोनमाटी के बिना उतरी थी, जो रविवार को अभ्यास के दौरान चोटिल हो गई थी।





## खबर संक्षेप

### पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में ग्रामीणों और पुलिसवालों के बीच हिंसक झड़प की खबर है। इस झड़प में एएसपी समेत करीब दो दर्जन पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। पथराव कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज किया।

### यूएस में भारतीय ड्राइवर पर गंभीर आरोप

**वाशिंगटन।** पहले अवैध रूप से घुसे एक भारतीय नागरिक राजिंदर कुमार पर एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत के बाद हत्याकांड (हॉमिकाइड) का आरोप लगाया गया है। यह हादसा ओरेगन राज्य के डेश्यूट्स काउंटी में हुआ था। ओरेगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, 24 नवंबर की रात कुमार एक सेमी-ट्रक चला रहे थे। उनका ट्रक सड़क पर जैकनाइफ स्थिति में फंसा हुआ था।

### श्रीलंका ने 22 जिलों को आपदा क्षेत्र घोषित किया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने चक्रवात 'दित्वा' से हुई भारी तबाही के चलते बुधवार को 25 जिलों में से 22 को 'आपदा क्षेत्र' घोषित कर दिया। वहीं, भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत श्रीलंका को अपनी मानवीय सहायता जारी रखी है। बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे श्रीलंका में बुनियादी संरचनाएं ध्वस्त होने से कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है।

### इजराइल के साथ हुई बड़ी डील, ऑपरेशन सिंदूर में पाक को किया था तबाह

# भारत को मिलेगा खतरनाक हथियार हेरॉन एमके-2 ड्रोन, दुश्मनों पर बरसाएगा बम

एजेंसी ▶▶ यरूशलेम

भारत और इजराइल के बीच रक्षा संबंध हमेशा से मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों कितने मजबूत हैं एक बार फिर इसकी बानगी देखने को मिली है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान के खिलाफ इस ऑपरेशन में भारत ने हेरॉन एमके-2 ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था।

### भारत-इजराइल हेरोन एमके-2 खेप खरीदेगा

अब ऑपरेशन सिंदूर में हेरोन एमके-2 की क्षमताओं को देखने के बाद भारत ने बड़ा फैसला लिया है। भारत ने इजराइल के साथ इमरजेंसी प्रोविजन के तहत एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इस डील के मुताबिक भारत इजराइल से हेरोन एमके-2 की अतिरिक्त खेप खरीदेगा। इस बात की जानकारी इजराइली रक्षा उद्योग से जुड़े एक अधिकारी ने खुद दी है।



*इजराइली अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के तीनों सेनाओं ने आपातकालीन खरीद के लिए हेरोन एमके-2 का चयन किया। यह ड्रोन लगातार 45 घंटे तक हवा में उड़ान भर सकता है, इन ड्रोन्स ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी झमता प्रदर्शित की है।*

**खास बातें**

- इजराइल ने कहा भारत हमारे लिए प्रमुख ग्राहक
- 45 घंटे तक हवा में भर सकेगा उड़ान
- ऑपरेशन सिंदूर में मचाई थी तबाही



हेरॉन एमके-2 ड्रोन भारत अतिरिक्त खेप खरीदेगा।

### भारत की नौसेना में शामिल होंगे ड्रोन एमके-2

भारत और इजराइल के बीच हुई इस डील को लेकर इजराइली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अधिकारी ने बताया कि हेरॉन एमके-2 भारतीय सेना और वायुसेना के पास पहले से ही हैं। अधिकारी ने बताया कि अब इन ड्रोन्स को भारत की नौसेना में भी शामिल किया जाएगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी बेहद अहम है और यह तीन दशकों से चली आ रही है।

### 'मेक इन इंडिया' का रखा गया ध्यान

*इजराइली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अधिकारी ने भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनका इरादा सिर्फ ड्रोन्स की आपूर्ति तक सीमित नहीं है बल्कि भारत में इनका निर्माण भी करना है। निश्चित तौर पर हेरोन एमके-2 से भारत की सैन्य झमताओं में भारी इजाफा होगा और किसी भी युद्ध में गेमचेंजर साबित हो सकते हैं।*

#### हेरोन एमके-2 की खासियत

हेरोन एमके-2 की खासियतों के बारे में बात करें तो यह 35,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकता है और लगातार 45 घंटे तक हवा में रह सकता है। अधिकारी ने बताया कि इजराइल की वायुसेना इन ड्रोन्स का इस्तेमाल करती है साथ ही दुनिया भर में कई और सेनाएं हैं जिनके पास ये ड्रोन्स हैं। भारत इजराइल से कितने ड्रोन्स खरीद रहा है अधिकारी ने इस संख्या का खुलासा नहीं किया है।



### पुतिन ने दी यूरोप को चेतावनी

# यूरोप युद्ध चाहता है तो हम भी पीछे नहीं हटेंगे



रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन

**मॉस्को।** भारत दौरे से पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोप को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे युद्ध चाहते हैं तो रूस इसके लिए तैयार है और उन्हें पराजित किया जाएगा। राष्ट्रपति पुतिन 4 दिसंबर को भारत दौरे पर आने वाले हैं।

इससे पहले मॉस्को में यूक्रेन वार पर कूटनीति की तेज कोशिशें चल रही है। पुतिन ने यह बात तब कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति के स्पेशल दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कोरी कुशनर यूक्रेन युद्ध पर बात करने के लिए मॉस्को में हैं। पुतिन ने मॉस्को के इन्वेस्टमेंट फोरम में जब ये बात कही तो विटकॉफ और कुशनर रूस-यूक्रेन पीस प्लान की डिटेल्स पर बात करने के लिए मॉस्को के दूसरे हिस्से में उनका इंतजार कर रहे थे।

#### ऐसी मांगे जो रूस को मंजूर नहीं

मॉस्को में इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें लड़ाई की कोई इच्छा नहीं है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यूरोप अचानक हमारे साथ युद्ध करना चाहता है और शुरू करता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। पुतिन ने पत्रकारों से कहा कि उनके पास शांति का कोई एजेंडा नहीं है, वे युद्ध के पक्ष में हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोप पर शांति प्रस्तावों में बदलाव करने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा कि इसमें ऐसी मांगें शामिल हैं जो रूस को बिल्कुल मंजूर नहीं हैं, इस तरह पूरी शांति प्रक्रिया को रोक दिया गया, और इसके लिए सिर्फ़ रूस को दोषी ठहराया गया।

### पेशेवरों की राह में रोड़े अटकाने वालों को नुकसान के सिवा कुछ हाथ नहीं लगेगाः जयशंकर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अमेरिका द्वारा एच1बी वीजा सिस्टम को हर गुजरते दिन के साथ और अधिक सख्त बनाने की कवायद के बीच पेशेवरों से जुड़ी गतिशीलता (मोबिलिटी) का मुद्दा वैश्विक चर्चा के केंद्र में आ गया है। भारत भी इससे अच्छा-खासा प्रभावित हो रहा है। जिसे देखते हुए विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अमेरिका, यूरोप सहित दुनिया के किसी देश का नाम लिए बगैर साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जो देश पेशेवरों की सीमा-पार आवाजाही यानी गतिशीलता को लेकर बहुत अधिक रोड़े अटका रहे हैं। अंत में उन्हें इसे लेकर नुकसान के अलावा और कुछ नहीं मिलेगा। ऐसे समय में भारत को आवश्यकता है कि वो दुनिया के बाकी देशों को मनाए कि प्रतिभा का इस्तेमाल आपसी लाभ के लिए किया जाना चाहिए। कानूनी गतिशीलता अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है। डॉ.जयशंकर ने 3 को राजधानी में 'इंडियाज वर्ल्ड एनुअल कॉन्क्लेव-2025' में मोबिलिटी पर आयोजित एक संवाद सत्र में दी है।

- एच1बी वीजा को लेकर अमेरिकी सख्ती के बीच विदेश मंत्री की दो टूक...

### नेशनल गार्ड के सदस्यों पर जानलेवा शूटिंग के बाद ट्रंप प्रशासन का विचार

# यूएस में 30 से ज्यादा देशों की एंट्री पर लगेगी रोक, बड़े ट्रैवल बैन की तैयारी में राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विदेशी नागरिकों पर बड़े पैमाने पर यात्रा प्रतिबंध (यूएस ट्रैवल बैन) लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके तहत दो दर्जन से अधिक देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लग सकता है। वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड के सदस्यों पर जानलेवा शूटिंग के बाद ट्रंप प्रशासन इस पर विचार कर रहा है।

#### जल्द जारी हो सकती है लिस्ट

*सूत्र ने यह भी कहा कि बातचीत अपने आखिरी दौर में है और जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जा सकती है। होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के एक प्रवक्ता ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि अपडेटेड लिस्ट जल्द जारी की जाएगी। अमेरिकी गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने भी अमेरिका के यात्रा प्रतिबंध में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी का इशारा किया। एक्स पर एक पोस्ट में नोएम ने लिखा, उन्होंने हर उस देश को प्रतिबंधित लिस्ट में डालने का प्रस्ताव रखा।*

#### हमारे पुरखों ने खून पसीने से देश को बनाया

ट्रंप ने कहा कि हमारे पुरखों ने इस देश को खून, पसीने और आजादी के पक्के प्यार से बनाया है, न कि विदेशी हमलावरों के लिए जो हमारे हीरो को मार डालें या टैक्स के पैसे लूट लें। बड़ी मात्रा विदेशी नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध का यह प्रस्ताव वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड के दो सदस्यों पर हमले के बाद ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई का हिस्सा है।

### राष्ट्रपति ने नौसेना दिवस समारोह में लिया भाग

# महासागरों को खुला, स्थिर और नियम-आधारित बनाए रखने के विचार को लेकर प्रतिबद्धः मुर्मू

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र के केंद्र में स्थित है, इसलिए "हमारे ऊपर एक विशेष जिम्मेदारी" है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश महासागरों को "खुला, स्थिर और नियम-आधारित" बनाए रखने के विचार को लेकर प्रतिबद्ध है। मुर्मू ने नौसेना की समुद्री शक्ति और युद्ध क्षमताओं के संचालनात्मक प्रदर्शन से जुड़े एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने भारत की समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में नौसेना की युद्ध क्षमताओं और व्यावसायिकता की भी सराहना की। मुर्मू ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नौसेना स्वदेशी प्रौद्योगिकी का विकास जारी रखेगी और भारत को 'विकसित भारत' बनने की दिशा में आगे ले जाएगी। भारतीय नौसेना ने केरल के तट पर शंगुमुघम समुद्र तट पर एक परिचालन प्रदर्शन के साथ अपनी समुद्री शक्ति और बहु-क्षेत्रीय युद्ध क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति मुर्मू नौसेना दिवस समारोह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।

**बांग्लादेश भेजी गई गर्भवती महिला और बेटे को वापस लाएंगे : नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बांग्लादेश भेजी गई गर्भवती महिला सुनाली खातून और उसके 8 साल के बेटे (साबिर) को मानवीय आधार पर भारत वापस लाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने आश्वासन दिया।






### भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, श्रीलंका ने की भूमिका की सराहना

# भारत ने श्रीलंका के पीड़ितों को और मदद भेजी ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सेना की टुकड़ी पहुंची

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को चक्रवात दित्वाह की तबाही से बचने के लिए भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को कोलंबो भेजा। भारत ने मानवीय आपदा राहत एचडीआर अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके। पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की है। दरअसल, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है। भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस तबाही से बचने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को श्रीलंका पहुंची। पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत (एचडीआर) अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है।



#### श्रीलंका की उच्चायुक्त ने भारत को आभार जताया

इससे पहले, भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने सुनामी, आर्थिक संकट और चक्रवात से हुई तबाही जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में भारत की भूमिका की सराहन की। उच्चायुक्त कोलोन ने कहा, चक्रवात के कारण श्रीलंका में भारी क्षति हुई है। 400 से ज़्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हम अभी भी राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। नुकसान का व्यापक आकलन करने मे कुछ समय लगेगा। हम भारत के आभारी हैं कि वह हमेशा की तरह सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। पहले सुनामी, फिर आर्थिक संकट के दौरान और अब चक्रवात के दौरान भारत हमारी सहायता के लिए सबसे पहले आया।

#### विदेश मंत्री ने एक्स पर दी जानकारी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 विमान चिकित्सा दल और उपकरण लेकर कोलंबो पहुंच गया है।

### रूस ने भारत के साथ सैन्य रसद समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर से दो दिवसीय भारत की यात्रा पर रहेंगे। रूस यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बाद पुतिन की यह पहली भारत की यात्रा होने जा रही है। पुतिन की भारत की यात्रा से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, रूस के स्टेट ड्यूमा ने पुतिन की भारत यात्रा से पहले भारत के साथ एक प्रमुख सैन्य रसद समझौते को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी है। बता दें कि रसद सहायता के पारस्परिक आदान-प्रदान (आरईएलओएस) पर 18 फरवरी को हस्ताक्षर किए गए थे, जिसे पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन द्वारा अनुसमर्थन के लिए पेश किया गया था।

#### भारत-रूस की साझेदारी को मिली मजबूती

इस मंजूरी को लेकर स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने बताया कि यह कदम दोनों देशों की साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने आगे बताया कि इस समझौते का अनुसमर्थन गहरे सहयोग की दिशा में एक और कदम है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25